रविवार, 30 मार्च 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 4.00

हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और सात पर

सुविचार : तीन चीज कभी एक जैसी नहीं रहती आपकी उम्र, अच्छा वक्त और आपके अपने।




# म्यांमार में भूकंप से भारी तबाही: मरने वालों की संख्या 1644 हुई

## 3 हजार से ज्यादा लोग घायल



**बैंकॉक :** म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद मलबे से कई और शव बरामद हुए, जिसके साथ ही मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,644 हो गई। सत्तारूढ़ सेना ने शनिवार को सरकारी टेलीविजन पर इसकी पुष्टि की। शुक्रवार को आए इस भूकंप में घायल हुए लोगों की संख्या 3,408 है जबकि लापता लोगों की तादाद बढ़कर 139 हो गई है। बर्मा के नाम से लोकप्रिय म्यांमार लंबे समय से चल रहे खूनी गृहयुद्ध की चपेट में है, और वहां पहले से ही एक बड़ा मानवीय संकट बना हुआ है। भूकंप के कारण म्यांमार में राहत एवं बचाव कार्यों को चलाना भी काफी मुश्किल हो रहा है। भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से ज्यादा दूर नहीं था। भूकंप के कारण कई इलाकों में इमारतें ढह गईं और व्यापक क्षति हुई है। भूकंप शुक्रवार दोपहर को आया, जिसका केंद्र म्यांमार के मांडले शहर से ज्यादा दूर नहीं था, इसके बाद कई झटके महसूस किए गए, जिनमें से एक की तीव्रता 6.4 थी। भूकंप के कारण कई क्षेत्रों में इमारतें ढह गईं, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, पुल ढह गए तथा एक बांध टूट गया। राजधानी नेपीता में शनिवार को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए कर्मचारी काम कर रहे थे, जबकि शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली, फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। भूकंप के कारण कई इमारतें ढह गईं, जिनमें सरकारी कर्मचारियों के आवास भी शामिल थे, लेकिन शनिवार को अधिकारियों ने शहर के उस हिस्से को अवरोधक लगाकर बंद कर दिया।

### भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार के लिए बचाव दल और राहत सामग्री भेजी

म्यांमार में आए भीषण भूकंप से हुई मौत और तबाही के बीच भारत ने शनिवार को 15 टन राहत सामग्री पहुंचाई तथा आपातकालीन मिशन 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत बचाव दलों के साथ हवाई और समुद्री मार्ग से और आपूर्ति भेजी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने म्यांमार के सैन्य जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की और कहा कि भारत उनके देश में आए भीषण भूकंप से मची तबाही से निपटने के प्रयासों में उनके साथ एकजुटता से खड़ा है। भारत ने म्यांमार के लिए अपने बचाव अभियान को 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम दिया है। देखें **पृष्ठ 2**






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 मार्च, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुकपक्ष प्रतिपदा, 12:49 तक, नक्षत्र : रेवती 16:35 तक, योग : इन्द्र 17:53 तक, सूर्योदय: 5:32, सूर्यास्त: 17:52, चन्द्रोदय : 6:45, चन्द्रास्त: 19:48, शक सम्वत: 1946 क्रोधी, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 17:06 से 18:37

## साप्ताहिक : राशिफल
## 30-03-25 से 05-04-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता और सौभाग्य लिए हुए है। इस सप्ताह आपको करियर-कारोबार में उल्लेखनीय प्रगति और लाभ होने की संभावना है। पूर्व में किए गये धन निवेश से लाभ होगा। सप्ताह के मध्य में बहुप्रतीक्षित कार्य के संपन्न होने से सुख का अनुभव होगा। सौभाग्य का अपेक्षाकृत सहयोग और स्वजनों द्वारा मिलने वाले समर्थन से आपके भीतर एक अलग ही उत्साह और ऊर्जा देखने को मिलेगी। यदि आप बेरोजगार हैं तो आपको मनचाहा रोजगार मिल सकता है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने कार्य योजनाबद्ध तरीके से समय पर करने का प्रयास करना चाहिए। यदि आप ऐसा करने में कामयाब रहते हैं तो आपको लाभ होगा अन्यथा न चाहते हुए भी तमाम तरह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती है। सप्ताह की शुरुआत में आपकी मुलाकात अपनी जैसी सोच वाले प्रभावी व्यक्ति से हो सकती है। जिसकी मदद से भविष्य में लाभ की योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों पर इस सप्ताह कार्य की अधिकता के चलते मानसिक तनाव बना रह सकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य समय पर पूरे होते हुए नजर आएंगे। पूरा सप्ताह आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में किसी शुभ समाचार की प्राप्ति से घर-परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। भूमि-भवन और पैतृक संपत्ति से जुड़े विवाद आपसी सहमति से दूर होंगे। किसी के साथ लंबे समय से चला आ रहा मनमुटाव और गलतफहमियां दूर होंगी। छात्र वर्ग के भीतर अध्ययन एवं लेखन को लेकर रुचि बढ़ेगी।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अनुकूल रहने वाला है। सप्ताह के उत्तरार्ध में छोटी-मोटी दिक्कतों को यदि नजरअंदाज कर दिया जाए तो पूरे सप्ताह आपको सौभाग्य का पूरा साथ मिलता हुआ नजर आएगा। सप्ताह की शुरुआत में किसी बड़ी अड़चनें के दूर होने से आप राहत की सांस लेंगे। इस दौरान शत्रु और विरोधियों संबंधित मामलों में शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यदि आपका कोई मामला कोर्ट-कचहरी में चल रहा है तो आपके विरोधी खुद समझौते की पहल कर सकते हैं अथवा कोर्ट का फैसला आपके हक में आ सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों को इस सप्ताह किसी भी कार्य को करने में लापरवाही बरतने से बचना होगा अन्यथा आर्थिक एवं मानसिक कष्ट झेलना पड़ सकता है। सप्ताह की शुरुआत में नियमों का उल्लंघन करने से बचें और अपने कार्य को योजनाबद्ध तरीके से करते हुए समय पर पूरा करने का प्रयास करें। नौकरीपेशा लोगों को इस सप्ताह अपने कार्य किसी दूसरे के भरोसे छोड़ने की बजाय स्वयं बेहतर तरीके से करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी रहने वाला है। हालांकि सप्ताह की शुरुआत आपके लिए अच्छी कही जा सकती है। इस दौरान आपको करियर-कारोबार में अनुकूलता बनी रहेगी। यदि आप विदेश से जुड़े कार्य करते हैं तो आपको विशेष लाभ प्राप्ति का अवसर प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। यदि आप साझेदारी में कोई व्यवसाय करते हैं तो सप्ताह की शुरुआत में आप कोई बड़ा कारोबारी फैसला ले सकते हैं।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह करियर-कारोबार की दृष्टि से शुभ लेकिन रिश्ते-नातों की दृष्टि से थोड़ा उतार-चढ़ाव लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आप अपना पूरा फोकस अपने करियर और व्यवसाय पर रखेंगे। कारोबारियों के लिए सप्ताह का पूर्वार्ध अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। पूर्व में आपके द्वारा करियर-कारोबार के लिए किये गये प्रयास सफल और सार्थक साबित होते हुए नजर आएंगे। कार्य एवं व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम मिलने के कारण आपके भीतर जोश और पराक्रम बना रहेगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित रहने वाला है। करियर-कारोबार में अपेक्षा के अनुरूप फल न मिलने के कारण आपका मन कई बार हताश और निराश रह सकता है। सप्ताह के पूर्वार्ध में कार्यों में कुछ अड़चनें आ सकती है। इस दौरान समय पर स्वजनों का सहयोग न मिल पाने के कारण आपका मन खिन्न रहेगा। इस सप्ताह वृश्चिक राशि के जातकों को अपने व्यवहार एवं भाषा को प्रभावशाली तरीके से व्यक्त करने की आवश्यकता रहेगी।




**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में आपको किसी धार्मिक अथवा मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान आपका अधिकांश समय स्वजनों के साथ हंसी-खुशी बीतेगा। करियर-कारोबार में अनुकूलता बनी रहेगी। सप्ताह के पूर्वार्ध में किसी योजना अथवा कारोबार में फंसा हुआ धन अप्रत्याशित रूप से निकल आएगा। पैतृक संपत्ति से जुड़े विवाद सुलझेंगे। व्यवसाय से जुड़ी बड़ी डील संभव है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आप जितना परिश्रम और प्रयास करेंगे आपको सिर्फ उतना ही फल प्राप्त होगा। ऐसे में मनचाही सफलता पाने के लिए आलस्य छोड़कर प्रत्येक कार्य को समय पर पूरे मनोयोग से करें। नौकरीपेशा जातकों को इस सप्ताह अपने कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों और अधीनस्थों को मिलाकर चलना उचित रहेगा। यदि आप बेरोजगार हैं तो आापको रोजी-रोजगार से जुड़े अवसर को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायक रहने वाला है। सप्ताह के पूर्वार्ध में कामकाज में छोटी-मोटी दिक्कतें आ सकती हैं लेकिन आप सप्ताह के उत्तरार्ध तक उसका समाधान खोजने में अंतत: कामयाब हो जाएंगे। इस सप्ताह परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों का मन पढ़ाई लिखाई में खूब लगेगा तो वहीं घरेलू महिलाओं का मन धर्म-कर्म से जुड़े कार्यों में रमेगा। सप्ताह के मध्य में घर में मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। इस दौरान किसी धार्मिक स्थल की यात्रा के भी योग बनेंगे।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायक रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में आपको सेहत संबंधी कुछेक दिक्कतें आ सकती हैं। ऐसे में इस दौरान अपनी दिनचर्या और खानपान का ख्याल रखते हुए मौसमी बीमारी से बचें। यात्रा के दौरान अपने सामान और सेहत का विशेष रूप से ख्याल रखें। इस सप्ताह आपको अपने धन का प्रबंधन करके चलना होगा क्योंकि आय के मुकाबले व्यय की अधिकता बनी रहेगी।

# देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की महिमा



योगेश कुमार गोयल

**नवरात्रि (30 मार्च से 6 अप्रैल) पर विशेष**

भारतीय समाज में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 30 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 6 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।



चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्ज्वल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्ज्वल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं।

नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# देश-विदेश

## भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की सहायता के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया



### भारत भूकंप प्रभावित म्यांमा की मदद के लिए भेज रहा एनडीआरएफ के 80 कर्मियों की टीम

### दो नौसैन्य जहाज म्यांमा भेजे, 'फील्ड हॉस्पिटल' को हवाई मार्ग से पहुंचाया जाएगाः विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** भूकंप प्रभावित म्यांमा में 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत राहत एवं बचाव कार्य में सहायता के लिए अपने प्रयासों को तेज करते हुए भारत ने पड़ोसी देश में दो नौसैन्य जहाज भेजे हैं। एक 'फील्ड हॉस्पिटल' को शनिवार को हवाई मार्ग से वहां भेजा गया। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि इस मानवीय सहायता अभियान के तहत दो और भारतीय नौसैन्य जहाज वहां पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) को विमान के माध्यम से भेजे जाने के अलावा, आगरा से 118 सदस्यों वाला एक 'फील्ड हॉस्पिटल' भी शनिवार को भेजे जाने की संभावना है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि म्यांमा में भारत के राजदूत राहत प्रयासों का समन्वय करने के लिए इस समय राजधानी नेपीता में हैं। उन्होंने बताया कि म्यांमा में भारतीय समुदाय के किसी व्यक्ति के हताहत होने की अभी तक कोई सूचना नहीं है। जायसवाल ने बताया कि भारत ने शुक्रवार को आए भीषण भूकंप से प्रभावित म्यांमा के लोगों की सहायता के लिए ''सबसे पहले कदम उठाने वाले'' देश के रूप में काम किया है। उन्होंने पिछले वर्ष म्यांमा में आए चक्रवात 'यागी' के बाद भारत द्वारा प्रदान की गई राहत एवं सहायता की याद दिलाई। भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमा को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए शनिवार तड़के 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसैन्य जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री 40 टन मानवीय सहायता लेकर यांगून बंदरगाह की ओर बढ़ रहे हैं।

### भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार के लिए बचाव दल और राहत सामग्री भेजी



म्यांमार में आए भीषण भूकंप से हुई मौत और तबाही के बीच भारत ने शनिवार को 15 टन राहत सामग्री पहुंचाई तथा आपातकालीन मिशन 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत बचाव दलों के साथ हवाई और समुद्री मार्ग से और आपूर्ति भेजी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने म्यांमार के सैन्य जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की और कहा कि भारत उनके देश में आए भीषण भूकंप से मची तबाही से निपटने के प्रयासों में उनके साथ एकजुटता से खड़ा है। भारत ने म्यांमार के लिए अपने बचाव अभियान को 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम दिया है। भारत द्वारा एक सैन्य परिवहन विमान से यांगून में 15 टन आवश्यक राहत सामग्री पहुंचाने के कुछ ही घंटों बाद, एक अन्य सैन्य विमान बचाव कर्मियों के एक समूह को लेकर म्यांमार की राजधानी नेपीता में उतरा। अधिकारियों ने बताया कि भारत स्थानीय प्राधिकारों की मदद के लिए म्यांमार में बचाव कर्मियों को पहुंचाने वाला पहला देश बन गया है। मोदी ने म्यांमार के सैन्य जनरल से फोन पर बातचीत के बाद 'एक्स' पर लिखा, ''विनाशकारी भूकंप में लोगों की मौत होने पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। भारत एक निकट मित्र और एक पड़ोसी के रूप में इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।''

## छत्तीसगढ़: दो मुठभेड़ों में 18 नक्सली ढेर, चार सुरक्षाकर्मी घायल



**सुकमा/बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिलों में सुरक्षाबलों ने शनिवार को दो मुठभेड़ों में 11 महिलाओं समेत 18 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दोनों मुठभेड़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की यात्रा के एक दिन पहले हुई है। अधिकारियों ने बताया कि सुकमा में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाया है और इस मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए। उन्होंने बताया कि मारे गये नक्सलियों में 25 लाख रुपये का ईनामी नक्सली दरभा डिवीजन सचिव कुहड़ामी जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। अधिकारियों के मुताबिक, नक्सली जगदीश एक दर्जन से अधिक घातक नक्सली घटनाओं में वांछित था, जिसमें 2013 का झीरम घाटी हमला भी शामिल है। इस घटना में कांग्रेस के कई नेता मारे गए थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी बीजापुर जिले में एक और मुठभेड़ की खबर है, जहां एक नक्सली मारा गया है। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले में हुई मुठभेड़ में डीआरजी सुकमा के तीन जवान और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवानों की हालत स्थिर और खतरे से बाहर है।

### हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास से ही बदलाव आ सकता है: शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हथियार रखने वाले और हिंसा का सहारा लेने वाले लोग बदलाव नहीं ला सकते, केवल शांति और विकास से ही बदलाव लाया जा सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3047

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| | ■ | 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| 17 | 18 | ■ | 19 | | | ■ | 20 | 21 | |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | ■ | 24 | | | ■ |
| 25 | | | ■ | 26 | 27 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 28 | | | | ■ | 29 | | 30 |
| 31 | | | ■ | 32 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) सौ करोड़, 2) रिश्वतख़ोर; विश्वासघाती; कामचोर; कृतघ्न, 6) पैर पंजा; ओहदा; *पोस्ट*, 7) क्लिष्ट *(भाषा)*; पेचीदा; अगम्य, 9) गति, 10) अविलंब, 12) अंटीबाज़; झाँसेबाज़, 13) काका, 15) जनसमूह, 17) शोरबा; पृथ्वी, 19) दुलार; पालनपोषण, 20) मोहित होना, 22) हानि का भय दिखाना; चेतावनी; दंडनीति; *ब्लैकमेल*, 24) कामयाब, 25) कसौटी; स्तरमान; पैमाना, 26) कमी; ग़लती, 28) कारणतः, 29) अभिभावकहीन; यतीम, 31) कक्ष; *केबिन*, 32) चंद्रमा.

*ऊपर से नीचे:-* 1) प्रभावी, 2) छोर; मर्यादा, 3) दिल-बहलाव, 4) नस, 5) आबादी गिनती, 6) परीक्षा का प्रश्नपत्र, 8) ज़िद, 11) देह, 14) चतुराई, 16) प्रशंसा, 18) सामग्री, 21) चमकना, 23) मजार, 24) तालाब, 25) माहवार, 26) लेखनी, 27) धरातल, 29) इस समय, 30) पशु स्तन.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ■ | च | ■ | स | मा | चा | र | ■ | गो |
| क् | ■ | ह | रा | मी | ■ | ■ | न | क | ली |
| स | फ | ल | ■ | प | ह | ल | वा | न | ■ |
| द | ■ | प | पी | ता | ■ | ■ | स | क | ता |
| ■ | क | ह | ना | ■ | मे | ला | ■ | ■ | न |
| ■ | रे | ल | ■ | पि | घ | ल | ना | ■ | पू |
| पा | ला | ■ | पाँ | च | ■ | ■ | ग | ह | रा |
| ल | ■ | ख़ू | ■ | का | ■ | रि | पु | ■ | ■ |
| क | री | ब | क | री | ब | ■ | र | वै | या |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3007

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 6 | | 2 | | |
| 4 | | | 8 | | | | | |
| 1 | 5 | | | | | | | |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 2 | | | | | 3 |
| 6 | | | | | | | 1 | |
| | | | | 8 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।


••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3006 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 1 |
| 3 | 1 | 8 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 1 | 4 | 8 | 5 | 6 |




## रामनवमी पर फोकस, भाजपा छह अप्रैल के बाद करेगी अन्य सभी कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में इस साल रामनवमी के सफल आयोजन पर पूरा ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रदेश भाजपा ने 6 अप्रैल के बाद ही अपने सभी राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है। पार्टी की राज्य समिति के एक सदस्य ने बताया कि इस बार रामनवमी के अवसर पर रिकॉर्ड संख्या में शोभायात्राएं निकालना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि पार्टी की राज्य इकाई इन शोभायात्राओं के आयोजन से सीधे तौर पर नहीं जुड़ी है, लेकिन कई नेता और पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में इन आयोजनों में व्यस्त रहेंगे। यही कारण है कि पार्टी ने 6 अप्रैल के बाद ही सभी राजनीतिक कार्यक्रम तय किए हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और प्रवक्ता शमिक भट्टाचार्य ने भी इस बात की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल के रूप में सीधे तौर पर इन आयोजनों से नहीं जुड़ी है, लेकिन यह हिंदुओं के लिए एक पवित्र दिन है। पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता इस आयोजन में भाग लेंगे।












# पुलिस की आशंका, रामनवमी पर सांप्रदायिक पोस्टरों से हो सकती है गड़बड़ी की कोशिश

❑ **पुलिस अधिकारियों ने रामनवमी को लेकर राज्य के लोगों को किया आगाह**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस को आशंका है कि रामनवमी पर सांप्रदायिक अशांति फैलाने की साजिश रची जा रही है और पोस्टरों के जरिए हिंसा फैलाने की साजिश चल रही है। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईजी (एडीजी), कानून व्यवस्था जावेद शमीम और दक्षिण बंगाल के एडीजी सुप्रतिम सरकार ने जानकारी दी। राज्य के लोगों को चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि किसी को भी किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए। डरें नहीं। लेकिन



बहुत सावधान रहें। अगर कहीं कोई गड़बड़ी की आंच दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। हमें गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि कुछ ताकतें अशांति फैलाने की योजना बना रही हैं। पोस्टर भड़काऊ हो सकते हैं। इनसे सावधान रहें। पुलिस भी पूरी तरह सतर्क है। आईजी (एडीजी), कानून व्यवस्था जावेद शमीम ने कहा कि राज्य में त्यौहारों का मौसम आने वाला है। ईद है, रामनवमी है। इस दौरान कुछ समूह राज्य में सौहार्द के माहौल को नष्ट करने के लिए अशांति की योजना बना रहे हैं। विभिन्न समुदायों के लोगों के बीच नफरत फैलाने की योजना बनाई जा रही है। पुलिस बहुत सतर्क है। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि सावधान रहें। किसी भी भड़काऊ या अफवाह को सुनकर उत्तेजित न हों। अपने इलाके पर नजर रखें। अगर आपको कुछ भी संदिग्ध दिखाई देता है, तो पुलिस को सूचित करें। पुलिस आपकी मदद के लिए 24 घंटे तैयार है। कोई भी यहां का माहौल खराब नहीं कर सकता। जो लोग कोशिश करते हैं, हमें उन्हें रोकना चाहिए। वहीं, दक्षिण बंगाल के एडीजी सुप्रतिम सरकार ने कहा कि हमें गोपनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि आगामी त्यौहार के दौरान इस राज्य में अशांति फैलाने की योजना है। भड़काने और भड़काने के लिए तरह-तरह के पोस्टरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। पुलिस अलर्ट पर है। हमें श्यामपुर में इस तरह की गड़बड़ी की जानकारी मिली है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की 4 धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। कुछ लोग विभिन्न समुदायों के बीच कलह और अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें जानकारी मिल रही है कि रामनवमी को विशेष रूप से निशाना बनाया गया है। आप में से किसी को भी उकसावे में नहीं आना चाहिए। शांत रहें, बेवजह डरें नहीं। फिर भी, अगर आपको कहीं भी किसी की हरकत पर शक हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## बंगाल में अन्य राज्यों के लोग रामनवमी पर फैला सकते हैं गड़बड़ी : फिरहाद हकीम

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने अप्रत्यक्ष रूप से हिंदीभाषियों को निशाना बनाकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे राज्यों से आकर बंगाल में रह रहे लोग रामनवमी के दिन अशांति फैला सकते हैं। फिरहाद हकीम ने कहा कि बंगाल में विभिन्न राज्यों के लोग रहते हैं, लेकिन उनमें से कुछ लोग गड़बड़ी करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि रामनवमी के मौके पर बाहरी लोग बंगाल में माहौल बिगाड़ सकते हैं। उनके इस बयान से राज्य की राजनीति गरमा गई है। उल्लेखनीय है कि भाजपा इस बार रामनवमी पर पूरे राज्य में शक्ति प्रदर्शन करने की योजना बना रही है। भाजपा नेता दिलीप घोष और शुभेंदु अधिकारी पहले ही साफ कर चुके



हैं कि रामनवमी पर हथियारों के साथ जुलूस निकाला जाएगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए हकीम ने कहा कि रामनवमी पर कुछ नहीं होगा। हम बंगाल के लोग रामकृष्ण परमहंस की विचारधारा को मानते हैं। यहां सांप्रदायिक राजनीति नहीं चलती। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक वे धर्म की राजनीति करेंगे, तब तक बंगाल में उनका कोई स्थान नहीं होगा।

## आरजीकर मामला : सीबीआई जांच में इनक्वेस्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जख्मों के अंतर पर फोकस

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के दुष्कर्म-हत्या मामले में सीबीआई अब इनक्वेस्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जख्मों के विवरण में अंतर पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसी यह समझने की कोशिश कर रही है कि इन रिपोर्टों में पाए गए अंतर महज संयोग हैं या जानबूझकर जांच को गुमराह करने के लिए किए गए थे। इस जांच का मकसद यह पता लगाना है कि कहीं सबूतों से छेड़छाड़ या साक्ष्यों को बदलने की कोशिश तो नहीं हुई। दरअसल, यह मुद्दा कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान भी उठा। उन्होंने इन दोनों रिपोर्टों में मौजूद अंतर को लेकर भी संज्ञान





लिया। सूत्रों के मुताबिक, पीड़िता के पेट और दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली पर कुछ जख्म थे, जिनका जिक्र पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं किया गया। दिसंबर में केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ था कि पोस्टमार्टम प्रक्रिया के दौरान गोपनीयता से जुड़ी मानक प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया था। सीएफएसएल की रिपोर्ट के अनुसार, पोस्टमार्टम कक्ष में कई लोग मौजूद थे, जो मोबाइल से फोटो और वीडियो बना रहे थे। यह न केवल जांच प्रक्रिया के मानकों के खिलाफ था, बल्कि मृतका की गरिमा के लिए भी अनुचित था। शुक्रवार को सीबीआई ने न्यायमूर्ति घोष की पीठ को स्पष्ट किया कि यह मामला 'गैंगरेप' का नहीं था, बल्कि केवल 'बलात्कार' और हत्या का मामला था। अदालत ने पहली सुनवाई के दौरान एजेंसी से इस बारे में स्पष्टता देने को कहा था। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी।

## राज्य को माननी पड़ी केंद्र की शर्त! नाम बदलते ही मिल गई अटकी हुई फंडिंग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के लिए अच्छी खबर आई है। राज्य की ग्रामीण स्वास्थ्य परियोजना के लिए रुकी हुई राशि को आखिरकार केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। नबन्ना सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत केंद्र ने 361 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। यह फंड पिछले दो साल से अटका हुआ था, लेकिन अब राज्य को मिल गया है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, फंड जारी होने में सबसे बड़ी अड़चन नाम को लेकर थी। केंद्र सरकार ने साफ संकेत दिया था कि जब तक राज्य अपने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य केंद्र नहीं रखेगा, तब तक यह राशि जारी नहीं होगी। शुरू में राज्य सरकार ने इस शर्त को मानने में आपत्ति जताई, जिसके चलते परियोजना के लिए मिलने वाला केंद्रीय फंड रोक दिया गया।

हालांकि, हाल ही में राज्य सरकार ने केंद्र की शर्त को स्वीकार करते हुए अपने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य केंद्र कर दिया। इसके तुरंत बाद केंद्र ने रुकी हुई राशि जारी कर दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक और केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त सचिव की ओर से राज्य के स्वास्थ्य सचिव को इस फंड के आवंटन की जानकारी दी गई है।

## दमदम पार्क में पुलिस और भाजपा कर्मी-समर्थकों के बीच झड़प, वीआईपी रोड हुआ जाम

### राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के खिलाफ भाजपा ने निकाली रैली

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम पार्क इलाके में शनिवार को भाजपा की रैली के दौरान भारी तनाव फैल गया। पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बहस के बाद हाथापाई शुरू हो गई, जिससे वीआईपी रोड पूरी तरह जाम हो गया। इस जाम के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दिन, भाजपा ने राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के खिलाफ रैली निकाली। यह रैली लेकटाउन से शुरू हुई थी, लेकिन जब यह दमदम पार्क इलाके में पहुंची, तो पुलिस ने इसे रोकने



की कोशिश की। आरोप है कि रैली में शामिल कार्यकर्ताओं ने पुलिस की रोकटोक को नजरअंदाज कर आगे बढ़ने की कोशिश की। इसी दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच पहले बहस हुई और फिर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने महिला कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती नहीं की थी और उनके कपड़े फाड़ दिए गए। इस घटना से नाराज भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठकर प्रदर्शन करने लगे, जिससे वीआईपी रोड पूरी तरह जाम हो गया। इस दौरान कई वाहन और बसें फंस गईं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तनाव के मद्देनजर इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया है।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लंदन की 6 दिवसीय यात्रा के बाद पहुंचीं कोलकाता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 6 दिवसीय लंदन दौरे के बाद शनिवार को कोलकाता पहुंचीं। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने यात्रा को बेहद सफल बताया। कुणाल घोष ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का लंदन दौरा पूरी तरह सफल रहा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सभी सवालों के जवाब देने के लिए तैयार थीं, लेकिन उपद्रवियों ने कार्यक्रम को बाधित करने की साजिश रची थी। स्थानीय लोगों ने उन्हें भगा दिया। वह भाषण दे रही थीं और अगर किसी को कोई सवाल था, तो वह भाषण के बाद सवाल-जवाब के लिए तैयार थीं। लेकिन उन शरारती तत्वों की मंशा केवल व्यवधान पैदा करना था। उन्हें जवाब मिलेगा। 2026 में ममता बनर्जी एक बार फिर पश्चिम बंगाल की चौथी बार सीएम बनकर वहां जाएंगी।

## नारकोटिक्स सेल ने धर्मतला बस स्टैंड से 65 किलो गांजा के साथ चार तस्करों को पकड़ा

**कोलकाता :** नारकोटिक्स सेल, डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर और तकनीकी सहायता के जरिए 29 मार्च 2025 को सुबह 9:30 बजे एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने धर्मतला सरकारी बस स्टैंड के पास, न्यू रोड के पूर्वी फुटपाथ पर स्थित एक अस्थायी टायर मरम्मत की दुकान के पास चार संदिग्धों को रोका। तलाशी के दौरान उनके संयुक्त और सजीव कब्जे से कुल 65.437 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

जांच के दौरान पता चला कि ये चारों आरोपी उड़ीसा के अंगुल से गांजा लेकर कोलकाता पहुंचे थे और इसे आगे सप्लाई करने की फिराक में थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों को गिरफ्तार कर



लिया। आरोपियों की पहचान नदिया जिले के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले अरुण बिस्वास (34), सुजॉय बैरागी (41), सुभोध सरकार (41) और तपन कुमार बिस्वास (62) के रूप में हुई है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि ये लोग बस के जरिए उड़ीसा से कोलकाता आए थे और शहर में गांजा की आपूर्ति करने की योजना बना रहे थे। फिलहाल, पुलिस इनसे गहन पूछताछ कर रही है ताकि तस्करी के इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान की जा सके और इसके पीछे मौजूद बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया जा सके।

## मालदह में हिंसा के बाद इंटरनेट बंद, स्थिति सामान्य, 50 लोग गिरफ्तार

**मालदह :** मालदह जिले के संघर्ष प्रभावित मोथाबाड़ी में हालात सामान्य हो रहे हैं। पुलिस ने हिंसा में संलिप्त 16 और लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्तर बंगाल के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राजेश यादव ने बताया कि मोथाबाड़ी में गुरुवार को दो समूहों के बीच हुई झड़प के सिलसिले में अब तक कुल 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए बैठक की। यादव ने बताया कि मोथाबाड़ी में सामान्य स्थिति बहाल हो रही है, कुछ दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान फिर से खुल गए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, गत बुधवार की शाम को मोथाबाड़ी में एक धार्मिक जुलूस के एक उपासना स्थल से गुजरने के बाद बृहस्पतिवार को उपद्रव शुरू हुआ। हिंसा के दौरान आगजनी, तोड़फोड़ और लोगों पर हमले हुए। यादव ने बताया कि राज्य सशस्त्र पुलिस की चार कंपनियों और बड़ी संख्या में त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) के जवानों के अलावा प्रभावित क्षेत्र में एसएपी की एक और कंपनी तैनात की गई है। अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर शुक्रवार से मोथाबाड़ी और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। मंत्री और स्थानीय विधायक सबीना यास्मिन ने शुक्रवार को कहा कि आगामी रामनवमी और ईद के त्योहार के कारण क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू नहीं की गई है।

## नाबालिग के यौन शोषण के दोषी 'मामा' को 10 साल की सजा



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के कल्याणी में एक नाबालिग से यौन शोषण के मामले में अदालत ने आरोपित को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई है। यह मामला 2022 का है, जब पीड़िता के करीबी रिश्तेदार ने उसके साथ गलत हरकत की थी। 18 फरवरी 2022 को आरोपित चिरंजीत धारा, पीड़िता को बहाने से घर से बाहर ले गया और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। किसी तरह छूट कर नाबालिग ने घर पहुंचकर अपने परिवार वालों को पूरी घटना बताई। परिजनों ने हरिणघाटा थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चिरंजीत धारा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की सुनवाई कल्याणी अदालत में चली। शुक्रवार को अदालत ने आरोपित को दोषी करार दिया और शनिवार को उसे 10 साल की सजा सुनाई गई। इसके अलावा, अदालत ने उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## डोना गांगुली ने एक महिला के खिलाफ कोलकाता पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

### परिवार की छवि खराब करने की कोशिश का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** सौरव गांगुली की पत्नी सह डांसर डोना गांगुली इन दिनों लंदन में हैं। वहीं से उन्होंने कोलकाता पुलिस में एक महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि सोशल मीडिया के जरिए उनके परिवार की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। डोना गांगुली अपने नृत्य विद्यालय के एक कार्यक्रम के सिलसिले में लंदन गई हैं, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी मुलाकात की थी। इसी बीच, उन्होंने कोलकाता पुलिस के साइबर क्राइम विभाग में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत एक महिला के खिलाफ की गई है, जो खुद को सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर बताती हैं। डोना गांगुली के मुताबिक, आरोपित महिला ने खुद को गांगुली परिवार की पड़ोसी बताते हुए सोशल मीडिया पर एक लंबी पोस्ट लिखी थी। इस पोस्ट में उन्होंने कई आरोप लगाए, जिसमें दावा किया गया कि उनके इलाके में एक सब्जी विक्रेता बीमार हो गया था, लेकिन गांगुली परिवार ने उसकी मदद के लिए कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके अलावा, महिला ने सोशल मीडिया पर डोना गांगुली के घर और गाड़ियों की तस्वीरें भी पोस्ट की थीं। डोना गांगुली ने पुलिस में दी शिकायत में इन सभी आरोपों को झूठा और बदनाम करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि पोस्ट में दिखाई गई गाड़ी उनकी या उनके परिवार की नहीं है। उनका कहना है कि यह सब कुछ सुनियोजित तरीके से उनकी और उनके पति, पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की छवि धूमिल करने के लिए किया गया है। डोना ने यह भी कहा कि इस मामले से सौरव गांगुली भी काफी नाराज हैं। शिकायत के बाद, आरोपित महिला ने सोशल मीडिया से अपनी पोस्ट हटा दी, लेकिन उनका दावा है कि गांगुली परिवार के खिलाफ पोस्ट करने की वजह से उन्हें धमकियां मिल रही हैं। हालांकि, उन्होंने अभी तक इस संबंध में पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। कोलकाता पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए कंटेंट का विश्लेषण कर रही है।

### अज्ञात महिला का अर्धनग्न शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बशीरहाट के मिनाखां में एक अज्ञात महिला का अर्धनग्न शव मिलने से सनसनी फैल गयी। जानकारी के अनुसार, मिनाखां के मेछोवाड़ी इलाके में शनिवार को एक महिला का अर्धनग्न शव पानी में तैरते हुए देखा गया। स्थानीय लोगों ने शव को देखते ही मिनाखां थाने को सूचित किया। इस अज्ञात महिला की उम्र 38 साल बतायी जा रही है और यह महिला उक्त इलाके की नहीं है। महिला के शरीर पर कई चोट के निशान थे। पुलिस का अनुमान है कि उसे भारी वस्तु से कई बार मारा गया है। इसके अलावा शरीर के कई हिस्सों में धारदार हथियार से गहरे घाव पाए गए हैं। पुलिस की प्रारंभिक अनुमान है कि उस महिला का रेप और हत्या की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतका की पहचान का पता लगा रही है और इस मामले की जांच में जुटी है।

## बंगाली नववर्ष से पहले मुख्यमंत्री ममता कालीघाट स्काईवॉक का करेंगी उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार की शाम लंदन दौरे से कोलकाता पहुंची। ऐसे में यदि सब कुछ ठीक रहा तो कालीघाट स्काईवॉक का उद्घाटन बंगाली नववर्ष से एक दिन पहले शाम को होगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसका उद्घाटन करेंगी। हर साल बैशाख के पहले दिन की शाम को मुख्यमंत्री कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाती हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री हर साल की तरह इस साल भी 14 अप्रैल को चैत्र संक्रांति की शाम को कालीघाट मंदिर में पूजा करने आएंगी। इसी दौरान वह मंदिर में पूजा कर कालीघाट स्काईवॉक का उद्घाटन करेंगी। प्रशासन द्वारा पिछले साल काली पूजा से पहले ही स्काईवॉक का उद्घाटन करने की कोशिश की गई थी। लेकिन यह संभव नहीं हो सका था। क्योंकि काम पूरा नहीं हुआ था।



कोलकाता नगर निगम सूत्रों के अनुसार, कालीघाट स्काईवॉक का निर्माण कार्य मार्च के अंतिम सप्ताह में ही पूरा कर लिया गया। साफ कहे तो बैशाख के पहले दिन के उपहार के रूप में, कालीघाट आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए नए स्काईवॉक के दरवाजे खोले जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि कालीघाट स्काईवॉक के निर्माण का प्रारंभिक बजट 77 करोड़ रुपये था। हालांकि, काम में देरी के कारण लागत बढ़कर करीब 90 करोड़ रुपये हो गई है। दक्षिण कोलकाता में कालीघाट मंदिर तक आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए बनाया गया कालीघाट स्काईवॉक अब पूरा होने वाला है। लगभग 500 मीटर लंबा और 10.5 मीटर चौड़ा यह स्काईवॉक तीर्थयात्रियों के लिए मंदिर तक पहुंचना आसान बना देगा।

**आवश्यकता**

**सेल्समैन की आवश्यकता है, जिन्हें ड्रेस मटेरियल और साड़ी की जानकारी हो।**
Age Limit - 45 years.
Attractive Salary-
9836991752

## माल के प्रवेश पर टैक्स का मामला, सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सैमसंग इंडिया बनाम पश्चिम बंगाल सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वो पश्चिम बंगाल वित्त अधिनियम 2017 से संशोधित स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर पश्चिम बंगाल कर अधिनियम 2012 की संवैधानिक वैधता की जांच के साथ ही संबंधित नियमों और अधिसूचनाओं को भी देखेगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह के लिए नोटिस जारी कर पश्चिम बंगाल सरकार से 22 अप्रैल 2025 तक जवाब मांगा है। पश्चिम



बंगाल के वित्त अधिनियम के जरिए प्रवेश कर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को पूर्वव्यापी प्रभाव से संशोधित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसका मानना है कि इस मामले में शामिल मुद्दे पर गौर करना चाहिए। बेंच ने याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देते हुए ये निर्देश भी दिया कि 22 अप्रैल को होने वाली सुनवाई तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा। सैमसंग इंडिया समेत कई कंपनियों ने पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर से संबंधित कर न्यायाधिकरण के आदेशों को चुनौती देते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट में भी अर्जी दी थी। उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट से घोषित करने की मांग की थी कि सामान का निर्यात किए जाने के कारण पश्चिम बंगाल सरकार स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर लगाने की अधिकारी नहीं है। कलकत्ता हाईकोर्ट की सिंगल जज बेंच ने 2013 में एक्ट को इस आधार पर रद्द किया था कि प्रतिपूरक कर विशिष्ट और पहचान योग्य उद्देश्यों के लिए लगाया जाता है और बंगाल का एक्ट संविधान के अनुच्छेद 309 और 304(ए) का उल्लंघन करता है। पश्चिम बंगाल सरकार ने सिंगल बेंच जज के फैसले के खिलाफ बड़ी बेंच में अपील की थी। जिसने पहले दिए फैसले पर रोक लगाई थी। अपीलों के लंबित रहने के दौरान और 101वें संविधान संशोधन 2016 के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रवेश कर अधिनियम में पहले से हुए संशोधन पेश करते हुए वित्त अधिनियम को लागू किया। इस मामले में सैमसंग इंडिया ने तर्क दिया कि 101वां संविधान संशोधन के तहत राज्य विधानमंडल को प्रवेश कर अधिनियम में किए गए संशोधन को वैध बनाने के लिए अपेक्षित विधायी ताकत नहीं है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने फिर सिंगल जज बेंच के फैसले को खारिज कर दिया और प्रवेश कर अधिनियम के साथ-साथ 2017 के संशोधन को बरकरार रखा। इसके बाद सैमसंग और अन्य कंपनियों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। पश्चिम बंगाल के वकील राकेश द्विवेदी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि ये मुद्दा तेलंगाना राज्य बनाम तिरुमला कंस्ट्रक्शन में सुप्रीम कोर्ट के फैसले और जिंदल स्टेनलेस स्टील लिमिटेड और अन्य बनाम हरियाणा राज्य और अन्य में 9 जजों की बेंच के फैसले के जरिए काफी हद तक कवर किया गया था।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**जयप्रकाश जायसवाल**
PRAKASH IRON & STEEL COMPANY
19/1, I. R. Belilious Lane, Howrah-711101

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**सोमनाथ गुप्ता**
Omkara commercial pvt Ltd
77/5/6 Banaras road howrah

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**तारकनाथ जायसवाल**
Sree Shiv Steel Traders
50 Ganga Ram Bairagi lane, Howrah 711101

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**अजय गुप्ता**
RELIANCE COMMERCIAL COMPANY
158/6, Belilious Road, Howrah, **Iron Steel Dealer**

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**लायंस भोला जायसवाल**
बेलीलियस रोड हावड़ा
बोर्ड ऑफ डायरेक्टर: लायंस क्लब ऑफ कलकत्ता, ब्रेबोर्न रोड

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**रामतारक जायसवाल**
HIRALAL & SONS
129, Belilious Road, Howrah-711101

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**राजेश जायसवाल**
RAJESH KUMAR BINOD KUMAR
Iron & Steel Merchant & General Order Suppliers

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**विनय कुमार अंचल**
FLANGE CENTRE
45/14 Madhu Sudan Paul Choudhary Lane, Howrah-711101

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**मनोज कुमार जायसवाल**
Shuubh Arambh Banquet
131, Belilious Road, Howrah-711101

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**बिनय जायसवाल**
Nihal Traders
74, Panchavan Talla Road, Howrah-711101

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**किशन जायसवाल**
K K Traders
Ichapur Shyal Daga, Howrah

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**विनोद जायसवाल**
संस्थापक सदस्य जायसवाल संरक्षक संघ
Belilius Road, Howrah-711101

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**लीला जायसवाल**
अध्यक्ष : पश्चिम बंगाल जायसवाल सर्ववर्गीय महिला महासभा
अध्यक्ष : जनता कल्याण संघ महिला शाखा

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**रजनी गुप्ता** अध्यक्ष : श्री साई सत्संग महिला समिति
एवं जायसवाल महिला क्लब पश्चिम बंगाल

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**राम लखन साव**
सचिव : स्टील बिजनेसमैन वेलफेयर सोसाइटी

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**बिजय जायसवाल**
उद्योगपति एवं समाजसेवी

# आर्य समाज स्थापना दिवस एवं वैदिक नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ

**सृष्टि सम्वत् १,९६,०८,५३,१२६ – चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम सम्वत् २०८२, (३० मार्च २०२५, दिन - रविवार)**

**आर्य समाज एक गौरवशाली संस्था है, जो विगत् १५० वर्षों से आप सबके मध्य में अपनी सेवाएं प्रदान करता आ रहा है, भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन का काल हो, चाहे शिक्षा, संस्कार, गुरुकुलीय परम्परा, स्त्री शिक्षा एवं वेदाधिकार, वर्ण व्यवस्था, आश्रम व्यवस्था, सोलह संस्कारों की पुनर्स्थापना, समाज का भविष्य युवा पीढ़ी को कुशिक्षा एवं कुसंस्कारों से मुक्ति और समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्पों, दीन-हीनों की सेवा, गरीब और असहायों की सहायता, समाज के विभिन्न आपातकालों जैसे बाढ़, महामारी, आम्फान, कोरोना काल जैसे विश्वव्यापी संकट कालों में भी आर्य समाज सदैव आपकी सेवा में तत्पर खड़ा रहा है, गोरक्षा, गोसम्वर्धन तथा गो पालन जैसे समाज के कार्यों में सदैव अग्रगामी भूमिका में तत्पर रहा है।**

**''आर्य''** किसी सम्प्रदाय विशेष के अनुयायी की संज्ञा नहीं है ना ही इससे किसी पृथक जाति का बोध होता है, जो **श्रेष्ठ स्वभाव, धर्मात्मा, परोपकारी, सत्य विद्यादि** गुणयुक्त है उनको **''आर्य''** कहते हैं। महर्षि दयानन्द सरस्वती के वेद ज्ञान के आदेश **कृण्वन्तो विश्वमार्यम्** के माध्यम से विश्व को आर्य बनाने से यही अभिप्राय है कि सब कोई **सदाचारी** और **धार्मिक** बनें। **आर्यः ईश्वर पुत्रः** के आधार पर समाज से घृणा, द्वेष, छुआछूत, भेदभाव रूपी कुशिक्षा एवं कुसंस्कारों को समूल नष्ट कर वैदिक परम्पराओं के अनुकूल **सं गच्छध्वं सं वदध्वं** की भावना के साथ समाज में सद्विचारों की पराकाष्ठा से समरसता के भाव को पुनर्स्थापित किया जा सकता है। वेद जो कि सृष्टि का आदि संविधान है, विज्ञान की परम्परा का केन्द्र बिन्दु है, उसे ही आर्य समाज पथ प्रदर्शक मानकर समाज को मानवता की सही दिशा का मार्ग दर्शन कराता है।

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ आपको अवगत कराते हुए हर्ष हो रहा है कि १ अरब, ९६ करोड़, ८ लाख, ५३ हजार, १२६ वर्ष पूर्व **चैत्र शुक्ल प्रतिपदा** के दिन ही **सृष्टि एवं वेद ज्ञान** का आविर्भाव हुआ, जो कि सृष्टि का प्रथम दिवस कहलाया। यही दिन सृष्टि सम्वत्, वेद सम्वत्, मानव सम्वत्, युग सम्वत्, वैवस्वतादि मन्वन्तरारम्भ, कलि सम्वत्, विक्रम सम्वत् आदि सभी का यही प्रथम दिवस है। यहीं से नववर्ष का शुभारम्भ होता है। सृष्टि में दृष्टिपात करने पर दिखाई दे रहा है कि सम्पूर्ण प्रकृति में चारों ओर नई कोपल एवं कलियाँ दिखाई दे रही हैं, इतना ही नहीं मनुष्य के शरीर में भी नवीनता का अनुभव प्रतीत होता है। अतः यही काल हमें नववर्ष का अनुभव कराता है। यही कारण है कि विश्व के महान मनीषियों ने भी इस दिन को महत्वपूर्ण स्थान दिया।

मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम, राजा हरिशचन्द्र, महाराजा युधिष्ठिर, शालिवाहन, विक्रमादित्य महाराज सरीखे महान योद्धाओं ने समय-समय पर राष्ट्रद्रोही शक्तियों को पराजित कर पुनः सनातन परम्पराओं को स्थापित करने के लिए राज्याभिषेक प्राप्त किया।

अतः ईश्वर प्रदत्त वेद ज्ञान जो कि विश्व का प्रथम ज्ञान है, उसको अन्तःस्थल में पुनर्जागृत कर जीवन पद्धति का आधार बनाना ही आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है, आईये **आर्य समाज के १५० वे स्थापना दिवस** पर ईश्वरीय कार्य को पूर्ण करने में सहभागी बनें, यही कामना है।

**प्रान्तीय आर्य वीर दल बङ्गाल, ४२, शंकर घोष लेन, कोलकाता-६, ☎ 9433118551**

# सहकारिता चुनाव को लेकर कांथी में फैला तनाव, भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ताओं में झड़प

❑ फर्जी मतदाता पकड़ने की कोशिश में पूर्व मंत्री अखिल गिरि हुए घायल

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के कांथी में शनिवार को कृषि और ग्रामोन्नयन सहकारी बैंक के चुनाव के दौरान भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। आरोप है कि मतदान केंद्र के बाहर वोटरों को रोका गया, उनके पहचान पत्र छीने गए और भाजपा के कैंप में घुसकर हमला किया गया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को दखल देना पड़ा। शनिवार की सुबह 9 बजे कांथी कृषि सहकारी बैंक के लिए मतदान शुरू हुआ। थोड़ी ही देर बाद



कांथी राष्ट्रीय विद्यालय के पास हंगामा मच गया। भाजपा का आरोप है कि तृणमूल समर्थक बूथ जाने से पहले ही उनके समर्थकों के पहचान पत्र छीन रहे थे। इतना ही नहीं, भाजपा कैंप पर भी हमला किया गया। इसके बाद, दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए और हाथापाई शुरू हो गई। भाजपा के कांथी नगरपालिका पार्षद तापस दलुई ने आरोप लगाया कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही और कोई कार्रवाई नहीं की। हालांकि, तृणमूल ने इन आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा पर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया। पार्टी के स्थानीय नेताओं का कहना है कि कांथी और खेजुरी समेत विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा की हार तय है, इसलिए वे जानबूझकर झगड़ा भड़का रहे हैं। तृणमूल ने दावा किया कि इस चुनाव में भी भाजपा को करारी हार मिलेगी। घटना के बाद कांथी में सुरक्षा बढ़ा दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रामनगर कॉलेज मतदान केंद्र पर हुई हाथापाई में पूर्व मंत्री अखिल गिरी के हाथ में चोटें आईं। इसके बाद अखिल गिरी के समर्थकों ने बूथ के सामने प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि टीएमसी नेता को एक पुलिस कर्मी की तरफ से धक्का दिया गया था। वहीं, ताम्रलिप्ता अस्पताल में इलाज करा रहे पूर्व मंत्री ने कहा कि पुलिस विपक्ष के नेता और नंदीग्राम के विधायक शुभेंदु अधिकारी के निर्देश पर काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले की पुलिस अमानवीय तरीके से काम कर रही है।

## बालीगंज पुलिस ने स्नैचिंग के मामले में की गिरफ्तारी, लूटा गया मोबाइल और स्कूटी बरामद

**कोलकाता :** बालीगंज पुलिस स्टेशन (दक्षिण-पूर्व डिवीजन) ने स्नैचिंग के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और लूटे गए मोबाइल फोन समेत अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी को बरामद कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह मामला बालीगंज पुलिस स्टेशन केस नंबर 53, दिनांक 27 मार्च 2025 के तहत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता रूमा प्रसाद (50 वर्ष), निवासी 26 सदानंद रोड, थाना कालीघाट, ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च 2025 को शाम करीब 5:20 बजे जब वह अपनी दोस्त के साथ ए.सी. एवेन्यू स्थित बालीगंज पोस्ट ऑफिस के पास टैक्सी का इंतजार कर रही थीं, तभी अचानक एक स्कूटी पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और मौके



से फरार हो गए।

पुलिस ने घटना की जांच शुरू करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके अलावा, डीआरओ एसईडी और ट्रैफिक कंट्रोल रूम की कई वीडियो क्लिप्स का विश्लेषण किया गया, जिसके बाद एक संदिग्ध स्कूटी का नंबर (डब्लूबी06एस 4933) पुलिस के हाथ लगा।

इसके बाद, तकनीकी निगरानी और स्थानीय मुखबिरों की मदद से अपराधियों की पहचान की गई। 28 मार्च 2025 को पुलिस ने तिलजला, करया, नारकेलडांगा और टॉप्सिया थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान मोहम्मद नाज़िर रज़ा (18 वर्ष), निवासी 16बी, चामरू खांसामा लेन, थाना करया व फैजान हुसैन (18 वर्ष), निवासी 18, शमसुल हुडा रोड, थाना करया के रूप में दिया।

पुलिस ने पूछताछ के दौरान आरोपी मोहम्मद नाज़िर रज़ा के बयान के आधार पर लूटा गया मोबाइल फोन (आईफोन 16 प्लस, पिंक कलर) नारकेलडांगा थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। इसके साथ ही, अपराध में इस्तेमाल की गई काली रंग की हौंडा डियो स्कूटी भी आरोपी फैजान हुसैन के कब्जे से जब्त कर ली गई।

## मौसम विभाग ने राज्य के कुछ दक्षिणी जिलों में आज लू चलने का पूर्वानुमान जताया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के कुछ दक्षिणी जिलों में रविवार तक लू चलने की संभावना है। इसके साथ ही राज्य में गंगा तटीय क्षेत्रों में दिन का तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि दक्षिण बंगाल में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा कि दक्षिण और उत्तर 24 परगना, पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बर्धमान और बीरभूम जिलों में रविवार तक लू चलने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि सोमवार से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आने की संभावना है।

## कल्याणी में आईपीएल सट्टेबाजी का सरगना गिरफ्तार, पुलिस ने जब्त किया मोबाइल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कल्याणी थाना अंतर्गत भुट्टा बाजार इलाके से आईपीएल में ऑनलाइन सट्टेबाजी करने के आरोप में मुख्य सरगना सिकंदर महतो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने सट्टेबाजी में शामिल होने की बात कबूल कर ली है। गिरफ्तार किए गए आरोपी सिकंदर महतो के पास से मोबाइल फोन जब्त किया गया है, जिसमें सट्टेबाजी से जुड़े कई अहम सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सिकंदर लंबे समय से ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी गिरोह का प्रमुख सदस्य था और इस अवैध कारोबार को संगठित तरीके से चला रहा था। कल्याणी पुलिस स्टेशन ने इससे पहले भी कई लोगों को आईपीएल सट्टेबाजी मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने



सिकंदर महतो के खिलाफ बीएनएस 112 की धारा 3/4 और जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को शनिवार को कल्याणी अदालत में पेश किया गया। पुलिस अब उसके नेटवर्क को खंगाल रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले की जांच जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## हावड़ा डिवीजन ने 68वें और 69वें रेल सेवा पुरस्कार समारोह का किया आयोजन

**हावड़ा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने अपनी टीम के उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए 68वें और 69वें रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। यह समारोह 28 मार्च को हावड़ा के रिवेरा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित हावड़ा के डीआरएम संजीव कुमार ने पुरस्कार प्रदान किए। यह 68वें रेल सेवा पुरस्कार 2023 में कुल 90 कर्मचारियों को उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, जबकि 69वें रेल सेवा पुरस्कार 2024 में 83 कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सराहा गया। इस मौके पर हावड़ा डिवीजन ने 2022 एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन असाधारण खिलाड़ियों की उपलब्धियों का भी जश्न मनाया। इस कार्यक्रम की



शुरूआत में सीनियर डिवीजनल पर्सनल ऑफिसर हर्ष कुमार गर्ग ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों के असाधारण प्रयासों को मान्यता देने और उत्सव की महत्वपूर्णता पर प्रकाश डाला। डीआरएम संजीव कुमार ने समारोह में बोलते हुए कहा, रेल सेवा पुरस्कार हमारे रेलवे कर्मचारियों की निरंतर प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रतीक हैं, जो हमारे सेवाओं के सुचारू और प्रभावी संचालन के लिए अथक मेहनत करते हैं। इसके बाद, डीआरएम ने हावड़ा डिवीजन की उल्लेखनीय उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। हावड़ा डिवीजन द्वारा अपने कर्मचारियों और खेल व्यक्तित्वों की सराहना इस संगठन की प्रतिभा को पोषित करने और पुरस्कृत करने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## आर्थिक 'अनियमितता' के आरोप में बर्दवान राज कॉलेज के प्रिंसिपल निलंबित, कोर्ट जाने की चेतावनी

**बर्दवान :** पश्चिम बंगाल में शिक्षा प्रशासन को लेकर लगातार विवाद बढ़ता जा रहा है। जहां एक ओर बिना स्थायी कुलपति की नियुक्ति किए ही सेवानिवृत्ति से चार दिन पहले कार्यवाहक कुलपति को हटा दिया गया, वहीं अब बर्दवान राज कॉलेज के प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया है। कॉलेज प्रबंधन समिति ने प्रिंसिपल निरंजन मंडल के खिलाफ आर्थिक अनियमितता, कर्तव्य में ला-परवाही और अन्य कई गंभीर आरोपों के आधार पर यह फैसला लिया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष स्वपन कुमार पान ने बताया कि प्रिंसिपल के खिलाफ पहले से ही कई शिकायतें थीं। हालांकि, जांच पूरी होने तक कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। लेकिन जब जांच में आरोप सही पाए गए, तब समिति ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया।

कॉलेज सूत्रों के अनुसार, तीन महीने पहले ही कॉलेज प्रबंधन समिति ने प्रिंसिपल को कारण बताओ नोटिस (शोकॉज) जारी किया था। जवाब मिलने के बाद शुक्रवार को कॉलेज प्रबंधन समिति की बैठक बुलाई गई, जिसमें उनकी सफाई पर चर्चा की गई। बैठक के बाद सर्वसम्मति से उन्हें निलंबित करने का फैसला लिया गया।

हालांकि, प्रिंसिपल निरंजन मंडल ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वह इस फैसले को अदालत में चुनौती देंगे। उनके निलंबन के बाद अब कॉलेज का प्रभार राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर विजय चंद को सौंपा गया है।

## हावड़ा डिवीजन ने कर्णा सुबरना और खगड़ाघाट स्टेशनों के बीच इंटरलॉकिंग सिस्टम किया स्थापित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने 28 मार्च को कर्णा सुबरना और खगड़ाघाट स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 24ए/7 पर इंटरलॉकिंग सिस्टम को सफलतापूर्वक स्थापित किया है। यह नया इंटरलॉक्ड गेट इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर (ईएलबी) से लैस है, जिसे एक बैकअप स्लाइडिंग बैरियर द्वारा समर्थित किया गया है, जिससे संचालन की प्रक्रिया अधिक स्मूद और विश्वसनीय हो जाती है। यह उन्नत प्रणाली न केवल संचालन की दक्षता में सुधार करती है, बल्कि रेल और सड़क दोनों उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को भी बढ़ाती है। इस सेक्शन में ट्रेन की उपस्थिति की सटीक निगरानी के लिए एक मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर




स्थापित किया गया है। इसके अलावा, गेट पर एक डेटा लॉगर भी उपलब्ध कराया गया है, जो सभी गेट संचालन को वास्तविक समय में रिकॉर्ड और मॉनिटर करता है। यह प्रणाली फेयरली प्लेस स्थित हावड़ा कार्यालय और मुख्यालय से डेटा तक निर्बाध पहुंच प्रदान करती है। हावड़ा डिवीजन के रेलवे प्रबंधक ने इस परियोजना की सफलतापूर्वक पूरे होने पर संतोष व्यक्त किया और इसे यात्री सुरक्षा और संचालन की विश्वसनीयता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## पायनियर भारत में इन-कार उत्पादों का निर्माण करेगा शुरू


**कोलकाता, समाज्ञा**

पायनियर कॉर्पोरेशन ने 2026 से भारत में इन-कार उत्पादों का निर्माण शुरू करने की घोषणा की। भारत में एक अनुसंधान और विकास केंद्र की स्थापना के बाद, यह कदम पायनियर की भारतीय बाजार में स्थिति को और मजबूत करेगा। पायनियर का उद्देश्य स्थानीय ऑटोमोबाइल निर्माताओं को बेहतर सेवा देना और वैश्विक व्यापार का विस्तार करना है। कंपनी अपनी कॉर्पोरेट विजन क्रिएटिंग द फ्यूचर ऑफ मोबिलिटी एक्सपीरियंस के तहत एक संपूर्ण समाधान प्रदाता बनने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। पायनियर भारत को जापान के बाहर अपने प्रमुख बाजारों में से एक मानता है और यहां स्थानीय उत्पादन शुरू करके, कंपनी भारतीय ऑटो उद्योग के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करेगी। इस कदम से उत्पाद डिजाइन में लचीलापन बढ़ेगा और आपूर्ति समय में कमी आएगी। पायनियर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अनिकेत कुलकर्णी ने कहा, स्थानीय उत्पादन से हमारी भारत में प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। हम भारतीय बाजार के लिए अधिक उत्पाद और सेवाएं प्रदान करेंगे।

## ईद-उल-फित्र पर ब्लू लाइन में 236 और ग्रीन लाइन-1 में 90 मेट्रो सेवाएं संचालित होंगी

**कोलकाता :** ईद-उल-फित्र के अवसर पर कोलकाता मेट्रो 31 मार्च 2025 (सोमवार) को ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन-1 पर विशेष सेवा संचालन करेगी। ब्लू लाइन में कुल 236 मेट्रो सेवाएं (118 अप और 118 डाउन) चलाई जाएंगी, जो सामान्य दिनों की तुलना में कम होंगी, क्योंकि आमतौर पर 262 सेवाएं संचालित होती हैं।

ब्लू लाइन पर पहली मेट्रो सुबह 6:50 बजे नोआपाड़ा से कवि सुभाष और कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर के लिए रवाना होगी। वहीं, दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष और महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर के लिए पहली मेट्रो सुबह 6:55 बजे चलेगी। अंतिम मेट्रो सेवा रात 9:30 बजे कवि



सुभाष से दक्षिणेश्वर, 9:28 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष और 9:40 बजे कवि सुभाष से दमदम के लिए उपलब्ध होगी। इसके अलावा, विशेष रात्रिकालीन सेवाएं भी कवि सुभाष और दमदम से रात 10:40 बजे के निर्धारित समय पर उपलब्ध रहेंगी।

ग्रीन लाइन-1 पर कुल 90 सेवाएं (45 अप और 45 डाउन) चलाई जाएंगी। पहली मेट्रो सुबह 6:55 बजे सियालदह से साल्ट लेक सेक्टर 5 और सुबह 7:05 बजे साल्ट लेक सेक्टर 5 से सियालदह के लिए रवाना होगी। अंतिम मेट्रो सेवा रात 9:35 बजे सियालदह से साल्ट लेक सेक्टर 5 और 9:40 बजे साल्ट लेक सेक्टर 5 से सियालदह के लिए उपलब्ध होगी। इस लाइन पर सेवाएं 20 मिनट के अंतराल पर संचालित होंगी।

ग्रीन लाइन-2, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर 31 मार्च को सामान्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

## अमेजन फ्रेश ने 170 से अधिक शहरों में विस्तार कर 50% वृद्धि हासिल की

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने अपनी किराना सेवा 'अमेजन फ्रेश' को 170 से अधिक शहरों और कस्बों में विस्तार करने की घोषणा की है। 2023 की दूसरी तिमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी तिमाही में इसने 50% की वृद्धि हासिल की है, जिससे यह अमेजन पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली श्रेणियों में शामिल हो गया है। अमेजन फ्रेश अब ग्राहकों को ताजे फल, सब्जियां, दूध, ब्रेड, डेयरी उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन और पर्सनल केयर आइटम्स जैसे उत्पादों की विस्तृत रेंज प्रदान करता है। विक्रेता 11,000 से अधिक किसानों से सीधे फल और सब्जियां खरीदते हैं और इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी जांच प्रक्रिया अपनाई जाती है। अमेजन फ्रेश के इस विस्तार से अब छोटे शहरों में भी ग्राहकों को शानदार बचत और विश्वसनीय डिलीवरी के साथ बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पाद मिल रहे हैं। इसके साथ ही, किफायती मूल्य पर किराने की खरीदारी एक बेहतर अनुभव बन रही है।

## पूर्व रेलवे यात्रियों के लिए चलाएगा 11 समर स्पेशल ट्रेन, 77,500 बर्थ होंगी उत्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने इन गर्मियों में यात्रियों की सुविधा के लिए 11 समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जिससे, 77,500 बर्थ उत्पन्न होंगी। ये स्पेशल ट्रेनें हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी, सियालदह-जागी रोड, हावड़ा-आनंद विहार, हावड़ा-रक्सौल, कोलकाता-पटना, सियालदह-गोरखपुर, हावड़ा-खाटीपुरा, कोलकाता-पुरी, मालदह टाउन-आनंद विहार, मालदह टाउन-दिल्ली और मालदह टाउन-उधना के बीच चलेंगी। इन स्पेशल ट्रेनों में जनरल सेकंड क्लास, स्लीपर क्लास और एसी कोच मौजूद रहेंगी। 03027 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी समर स्पेशल ट्रेन 2 अप्रैल से 7 मई तक हर बुधवार को हावड़ा से रात 11:55 बजे रवाना होकर अगली सुबह 10:45 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। वापसी में, 03028 न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन 03 अप्रैल से 08 मई तक हर गुरुवार को न्यू जलपाईगुड़ी से दोपहर 12:45 बजे रवाना होकर हावड़ा अगले दिन 12:10 बजे पहुंचेगी।

03105 सियालदह-जागी रोड समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल से 9 मई 2025 तक हर शुक्रवार को सुबह 9:00 बजे सियालदह से रवाना होकर अगले दिन सुबह 6:30 बजे जागी रोड पहुंचेगी। वापसी में, 03106 जागी रोड- सियालदह समर स्पेशल 19 अप्रैल से 10 मई तक हर शनिवार को दोपहर 13:00 बजे जागी रोड से रवाना होकर अगले दिन दोपहर 13.00 बजे सियालदह पहुंचेगी। 03011 हावड़ा-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशल ट्रेन 4 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक हर शुक्रवार और शनिवार को हावड़ा से 17.40 बजे रवाना होकर अगले दिन रात 22.30 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में, 03012 आनंद विहार टर्मिनल-हावड़ा समर स्पेशल 06 अप्रैल से 14 अप्रैल के बीच हर रविवार और सोमवार को आधी रात 00:30 बजे आनंद विहार टर्मिनल से रवाना होकर अगले दिन सुबह 3:00 बजे हावड़ा पहुंचेगी। 03045 हावड़ा-रक्सौल समर स्पेशल ट्रेन 10 अप्रैल को हावड़ा से रात 23.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 16.10 बजे रक्सौल पहुंचेगी। वापसी में, 03046 रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन 11 अप्रैल को रक्सौल से शाम 17.30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:45 बजे हावड़ा पहुंचेगी। 03135 कोलकाता - पटना समर स्पेशल ट्रेन 08 अप्रैल को कोलकाता से रात 23:50 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, 03136 पटना-कोलकाता समर स्पेशल ट्रेन 09 अप्रैल को पटना से दोपहर 12:00 बजे रवाना होकर उसी दिन रात 23:45 बजे कोलकाता पहुंचेगी। 03131 सियालदह-गोरखपुर समर स्पेशल ट्रेन 13 मई से 24 जून तक हर मंगलवार को शाम 18:15 बजे सियालदह से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 10:15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में, 03132 गोरखपुर- सियालदह समर स्पेशल ट्रेन 14 मई से 25 जून तक हर बुधवार को दोपहर 13:00 बजे गोरखपुर से रवाना होकर अगले दिन सुबह 07:30 बजे सियालदह पहुंचेगी। 03007 हावड़ा-खाटीपुरा समर स्पेशल ट्रेन 13 अप्रैल से 01 जून तक हर रविवार को शाम 18:00 बजे हावड़ा से रवाना होगी और अगले दिन रात 23:30 बजे खाटीपुरा पहुंचेगी। वापसी में, 03008 खाटीपुरा-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन 15 अप्रैल से 03 जून तक हर मंगलवार को सुबह 05:30 बजे खाटीपुरा से रवाना होकर अगले दिन दोपहर 15:15 बजे हावड़ा पहुंचेगी। 03101 कोलकाता-पुरी समर स्पेशल ट्रेन 03 अप्रैल और 10 अप्रैल को रात 23:50 बजे कोलकाता से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 09:35 बजे पुरी पहुंचेगी। वापसी में, 03102 पुरी-कोलकाता समर स्पेशल ट्रेन 04 अप्रैल और 11 अप्रैल को दोपहर 15:30 बजे पुरी से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 02:00 बजे कोलकाता पहुंचेगी। 03435 मालदह टाउन-आनंद विहार समर स्पेशल ट्रेन 07 अप्रैल को मालदह टाउन से सुबह 09:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 13:30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, 03436 आनंद विहार-मालदह टाउन समर स्पेशल ट्रेन 08 अप्रैल को दोपहर 15:45 बजे आनंद विहार से रवाना होकर अगले दिन रात 23:30 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी।

03413 मालदह टाउन-दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल को मालदह टाउन से सुबह 07:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 10:35 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में, 03414 दिल्ली-मालदह टाउन समर स्पेशल ट्रेन 13 अप्रैल को दोपहर 13:35 बजे दिल्ली से रवाना होकर अगले दिन शाम 17:30 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी। 03417 मालदह टाउन-उधना समर स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल को मालदह टाउन से दोपहर 12:20 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 00:45 बजे उधना पहुंचेगी। वापसी में, 03418 उधना-मालदह टाउन समर स्पेशल ट्रेन 14 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे उधना से रवाना होकर तीसरे दिन सुबह 02:55 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी।

## भिन्नताओं का जश्न मनाना इस अप्रैल में देखभालकर्ता समावेशन और क्लासरूम सुधार क्यों महत्वपूर्ण हैं

**मुंबई/कोलकाता :** चूंकि अप्रैल ऑटिज्म जागरूकता और स्वीकृति माह के रूप में मनाया जाता है, इसलिए समावेशी नीतियों, शीघ्र हस्तक्षेप और देखभालकर्ता कल्याण की बढ़ती आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह वैश्विक अनुष्ठान, जिसकी शुरुआत 1970 में ऑटिज्म सोसायटी ऑफ अमेरिका द्वारा की गई थी और 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस (संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त) द्वारा संचालित किया जाता है, ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों और उनके परिवारों की आवश्यकताओं के प्रति गहन सामाजिक जुड़ाव की अपील करता है। इस वर्ष का विषय, भिन्नताओं का जश्न मनाएं, तंत्रिका-विविधता को अपनाने और घरों, स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में समावेशी इकोसिस्टम के निर्माण को प्रोत्साहित करता है। इस संदर्भ में, मुग्धा कालरा की अभूतपूर्व पुस्तक, आई सी यू, आई गेट यू: द सेल्फ-केयर गाइड फॉर स्पेशल नीड्स पेरेंट्स, एक आवश्यक संसाधन के रूप में उभरी है। बैंगलोर में इंडिया इंक्लूजन समिट और इंडियन न्यूरोडायवर्सिटी समिट के दौरान लॉन्च की गई यह पुस्तक परिवारों, शिक्षकों और एंप्लॉयर के लिए एक समयोचित साथी है।

## प्रेमिका ने शादी का वादा कर दिया धोखा, युवक ने की आत्महत्या

**कोलकाता :** नदिया के हांसखाली में एक युवक ने प्यार में धोखा खाते हुए आत्महत्या कर ली। मृत युवक का नाम प्रबीर बिश्वास (पापाई) है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रबीर के घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। जिस कारण वह काम करने बाहर चला गया था। इस बीच, प्रबीर की फोन के माध्यम से एक लड़की के साथ दोस्ती हुई, जो बाद में प्यार में बदल गई। बताया जा रहा है कि प्रबीर और उस लड़की ने शादी करने का फैसला किया था। जिसके बाद, प्रबीर ने अपने घर वालों को भी यह बात बतायी। घर में शादी का माहौल था की प्रबीर को पता चला की उसकी प्रेमिका के कई लोगों से संबंध है। परिवार का दावा है कि इस बात का पता चलते ही युवक पूरी तरह से टूट गया और मानसिक अवसाद से गुजर रहा था।

## संदेह के चलते पत्नी की हत्या करने वाले पति को जलपाईगुड़ी अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**जलपाईगुड़ी :** पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार पति को अदालत ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। शनिवार को जलपाईगुड़ी की फास्ट ट्रैक सेकंड कोर्ट ने आरोपी को यह सजा सुनाई।



अदालत सूत्रों के अनुसार, यह घटना 23 अक्टूबर 2017 की है। जलपाईगुड़ी शहर के पांडापाड़ा पार्क मोड़ इलाके में संतोष दास अपनी पत्नी और बेटे के साथ रहता था। वह अपनी पत्नी पर संदेह करता था, और इसी शक के कारण उसने उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। घटना वाले दिन, संतोष दास ने दा (धारदार हथियार) से अपनी पत्नी पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

हत्या के बाद, वह खुद कोतवाली थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। पहले तो पुलिसकर्मी उसकी बात सुनकर हैरान रह गए, लेकिन जब उसने बार-बार वही बात दो-हराई, तो पुलिस उसे लेकर उसके घर गई। वहां जाकर देखा तो महिला का खून से लथपथ शव पड़ा था और उसके पास ही हत्या में इस्तेमाल किया गया दा भी पड़ा था। पुलिस ने घटनास्थल से ही संतोष दास को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला जलपाईगुड़ी की फास्ट ट्रैक सेकंड कोर्ट में चला, जहां 17 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। मामले की सुनवाई न्यायाधीश विभूति सिंह की अदालत में हो रही थी। शनिवार को अदालत ने संतोष दास को दोषी करार देते हुए उसे उम्रकैद की सजा सुनाई और 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना न भरने की स्थिति में उसे पांच महीने और जेल में बिताने होंगे। अदालत के इस फैसले के समय मृतका का नाबालिग बेटा भी मौजूद था।

## चार साल बाद न्याय! विरोध करने वाले की हत्या के मामले में जलपाईगुड़ी अदालत ने सुनाई फांसी की सजा

❑ **2021 में महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर चचेरे भाई ने की थी हत्या**

**जलपाईगुड़ी :** महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर चचेरे भाई की हत्या! चार साल बाद इस जघन्य अपराध का इंसाफ मिला। शनिवार को जलपाईगुड़ी की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी को फांसी की सजा सुनाई। सभी सबूतों और चश्मदीद गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने यह फैसला सुनाया।

अदालत द्वारा मौत की सजा दिए जाने से मृतक के परिवार के सदस्य खुश हैं, लेकिन अपराधी इस फैसले पर बेपरवाह नजर आया। जब अदालत से बाहर निकलते समय



पत्रकारों ने उसकी प्रतिक्रिया जाननी चाही, तो उसने कहा, कहने के लिए कुछ नहीं है। दोषी के वकील ने उच्च न्यायालय में अपील करने की योजना बनाई है।

❑ **क्या था पूरा मामला?**

न्यू जलपाईगुड़ी थाना क्षेत्र के शांतिनगर इलाके के रहने वाले शंकर दास पेशे से राजमिस्त्री थे। उनके पिसतूते भाई सुरेश राय भी वहीं रहते थे, लेकिन उनकी आदतें बहुत खराब थीं। शंकर कई बार उसे गलत आचरण को लेकर चेतावनी देते थे, लेकिन सुरेश इसे अच्छी तरह से नहीं लेता था। इसी कारण दोनों भाइयों के बीच मनमुटाव चल रहा था।

4 मार्च 2021 को यह विवाद हिंसक रूप ले लिया। महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने पर जब शंकर ने विरोध किया, तो सुरेश ने उनकी हत्या की साजिश रच डाली। जैसे ही शंकर एक चाय की दुकान पर बैठे, सुरेश ने अचानक उन पर हमला कर दिया। उसने तेज धारदार हथियार से 18 बार वार किया, जिससे शंकर की किडनी और लिवर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। परिवार और स्थानीय लोगों ने आरोपी के लिए फांसी की मांग की। गवाहों और पुख्ता सबूतों के आधार पर जलपाईगुड़ी अदालत की अतिरिक्त तृतीय अदालत ने दोषी को मौत की सजा सुनाई।

न्यायालय के फैसले से इलाके के लोग संतुष्ट हैं और चाहते हैं कि जल्द से जल्द यह सजा लागू की जाए।

# भूकंप प्रभावित म्यांमार को राहत व बचाव कार्यों में पूर्ण सहयोग करेगा एनडीआरएफ : महानिदेशक

❑ एनडीआरएफ के प्रमुख ने पड़ोसी देश को पूर्ण सहायता देने का किया वादा
❑ कोलकाता में भी एनडीआरएफ की एक टीम म्यांमार जाने को तैयार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के महानिदेशक आइपीएस पीयूष आनंद ने विनाशकारी भूकंप के बाद म्यांमार को राहत व बचाव कार्यों में पूर्ण सहायता देने का शनिवार को वादा किया। बल की तैयारियों की निगरानी के लिए कोलकाता दौरे पर आए आनंद ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एनडीआरएफ टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। हमारी टीमें आपदा से निपटने में म्यांमार की सहायता के लिए तैयार है। उन्होंने कहा- जैसा कि हम सभी जानते हैं कि म्यांमार में बहुत उच्च तीव्रता वाला भूकंप आया है और उसके बाद झटके भी आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद तुरंत कहा कि भारत हर तरह से सहायता करने के लिए तैयार है। भारत की ओर से राहत सामग्री सहायता पहले ही भेजी जा चुकी है और कुछ अन्य चीजें हैं जो अभी होनी बाकी हैं और उसके लिए तैयारियां चल रही हैं।

मैं बस इतना कहूंगा कि हमारी टीमें तैयार हैं। कोलकाता में भी दूसरी बटालियन की एक टीम को स्टैंड बाय पर यानी तैयार रखा गया है। हम अधिक से अधिक मदद पहुंचाने की कोशिश करेंगे, ताकि हम वहां जाकर उन्हें राहत पहुंचा सकें और कुछ लोगों की जान बचा सकें। उन्होंने कहा कि हमने अपने पूरे संसाधन सक्रिय कर दिए हैं और 80 सदस्यों वाली एक टीम गाजियाबाद से शनिवार शाम म्यांमार भेज भी दी है। कोलकाता की टीम संभवत: रविवार को रवाना होगी। उन्होंने कहा कि जब भी कोई टीम जाती है तो केंद्र सरकार हमसे जो भी करने के लिए कहती है, हम वही करते हैं। प्रधानमंत्री पहले ही कह चुके हैं कि वह म्यांमार की पूरी मदद करने के लिए तैयार हैं। अब यह देखना बाकी है कि म्यांमार सरकार हमसे क्या मांगती है, हम हरसंभव मदद देने के लिए तैयार हैं। आनंद ने कहा कि इससे पहले 2015 के नेपाल भूकंप और 2023 के तुर्की भूकंप के दौरान भी एनडीआरएफ की टीमें भेजी गई थी।


कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत करते एनडीआरएफ के महानिदेशक पीयूष आनंद एवं साथ में कमांडेंट (बाएं) गुरमिंदर सिंह।

❑ **बंगाल में एनडीआरएफ की आपरेशन तैयारियों की समीक्षा की**

आनंद ने कहा कि दो दिवसीय कोलकाता दौरे में उन्होंने बंगाल में तैनात एनडीआरएफ की दूसरी बटालियन मुख्यालय हरिणघाटा का दौरा कर अधिकारियों से बातचीत की और चल रहे आपरेशनों की समीक्षा की। यह एक उपयोगी दौरा रहा। उन्होंने कोलकाता में बल के क्षेत्रीय रिस्पांश सेंटर का भी दौरा किया और म्यांमार जाने के लिए तैयार टीम के सदस्यों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

❑ **उच्च क्षमता वाले 400 से ज्यादा नए बोट खरीदेगा एनडीआरएफ**

महानिदेशक ने कहा कि बदलते समय के साथ हम अपने उपकरणों के अपग्रेडेशन की कोशिश कर रहे हैं। बजट की कोई कमी नहीं है। बाढ़ आदि के समय हम अभी जो बोट इस्तेमाल कर रहे हैं उसमें 30 हार्स पावर का मोटर इस्तेमाल होता है। समीक्षा के बाद अब हम इस बार 40 हार्स पावर के 400 से अधिक नए बोट खरीदने जा रहे हैं। इससे हमें किसी भी नदी या तालाब में जल्दी आपरेशन करने में मदद मिलेगी, क्योंकि इसका इंजन ज्यादा ताकतवर है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों के आपदा प्रतिक्रिया बलों को भी और सशक्त करने के लिए हम लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि चला रहे हैं।

## एंकर कंज्यूमर ने प्रीमियम साबुन सेगमेंट में अपनी उपस्थिति मजबूत की

**कोलकाता :** एंकर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रीमियम ब्यूटी सोप ब्रांड डायना, जो अपने बेहतरीन स्किनकेयर फॉर्मूलेशन के लिए जाना जाता है, ने मशहूर अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और प्राकृतिक सुंदरता के साथ, मृणाल डायना के सार को बखूबी दर्शाती हैं, जो उन्हें ब्रांड के नवीनतम कैंपेन, पहली झलक को खूबसूरत असर के लिए उपयुक्त चेहरा बनाती है। एंकर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के निदेशक करण शाह ने कहा, मृणाल ठाकुर डायना की हर बात का प्रतिनिधित्व करती हैं- शालीनता, संतुलन और शाश्वत सुंदरता। टेलीविजन से बॉलीवुड तक का उनका सफर हमारे ब्रांड के विकास को दर्शाता है, जो उन्हें एक आदर्श राजदूत बनाता है। हम इस सहयोग को लेकर उत्साहित हैं और हमारा मानना है कि यह सौंदर्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के बीच डायना की अपील को बढ़ाएगा।

# शिक्षा अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है : इस्कॉन महाराज

❑ सिस्टर निवेदिता एकेडमी का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिस प्रकार रोशनी अंधकार को दूर करता है, उसी तरह शिक्षा अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है। हम आशा करते हैं कि जिस बेहतर परिवेश में सिस्टर निवेदिता एकेडमी के बच्चों को शिक्षा मिल रही है, यहां से निकले छात्र आगामी दिनों में हमारे देश व समाज के लिए अपना उल्लेखनीय योगदान देंगे। ये बातें इस्कॉन (उज्जैन) मंदिर के प्रेसिडेंट प्रेम भक्ति दास महाराज ने कहीं। वे हावड़ा के बालीटिकुड़ी कालीतला स्थित सिस्टर निवेदिता एकेडमी के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह (ग्रेजुएशन सेरेमनी) में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। छात्रों को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि यह एक आदर्श शिक्षा प्रतिष्ठान है। यहां जो बच्चे दाखिला ले रहे हैं, उन्हें परिवार जैसा माहौल मिलेगा। प्रधानाध्यापक अरुणा लाहा के नेतृत्व में समस्त छात्र बहुत आगे बढ़ेंगे। इस विद्यालय में बच्चे लिखाई-पढ़ाई के साथ-साथ हमारी भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न शिक्षा- ड्राइंग, डांस, ड्रामा इत्यादि भी ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि जिस स्कूल में वे अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं, यहां उन्हें बेहतर शिक्षा उपलब्ध होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रयास से ये बच्चे एक दिन महान होकर उठेंगे और नाम रोशन करेंगे। समारोह में इस पूरे साल विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले और विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस्कॉन के महाराज ने खुद अपनी हाथों से उन्हें अंक पत्र प्रदान किया। महाराज ने कम अंक पाने वाले छात्रों को भी आगे बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर इस्कॉन (तारकेश्वर) मंदिर के मैनेजर पिनाकी दास व अन्य विशिष्टजन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावकगण एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।इस स्कूल में नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक की पढ़ाई होती है।

## दालखोला में महिला का गला कटा शव मिला, दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के दालखोला में घटी घटना ने दतपुकुर और आमडांगा की घटनाओं की याद दिला दी है। इस बार, एक महिला का गला कटा हुआ शव नदी किनारे से बरामद किया गया। महिला शुक्रवार से लापता बताई गई थी। स्थानीय लोगों को संदेह है कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। महिला का शव दालखोला में सुधानी नदी के तट से बरामद किया गया। पुलिस को पता चला है कि वह करणदिघी रानीगंज पंचायत क्षेत्र की निवासी है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वह शुक्रवार की दोपहर को घर से निकली थी। लेकिन तब से वह घर वापस नहीं लौटी। परिवार ने उसी शाम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शनिवार की सुबह उसका शव नदी किनारे से बरामद किया गया। महिला का घर उस स्थान से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर है जहां से शव बरामद किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने शव पर कई चोटों के निशान देखें। इसलिए, वे अनुमान लगा रहे हैं कि किसी ने उसके साथ दुष्कर्म किया, उसकी हत्या की और उसे नदी किनारे फेंक दिया। पुलिस का मानना है कि महिला की गला काटकर हत्या की गई है।

# उल्टाडांगा में बाउल कलाकार से दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** उल्टाडांगा में एक बाउल कलाकार से दुष्कर्म के दोषी दीपू दलुई को सियालदह की एक अदालत ने सात साल की जेल की सजा सुनाई है। न्यायाधीश अनिर्बान दास ने शनिवार को सजा सुनाई। इस मामले में जांच अधिकारी उल्टाडांगा महिला आश्रय गृह की उपनिरीक्षक बनश्री दत्ता थीं। जांच की निगरानी इंस्पेक्टर राजीव चटर्जी और सुवर्ण दत्ता चौधरी ने की। उल्लेखनीय है कि उल्टाडांगा में एक बाउल कलाकार से दुष्कर्म की घटना जुलाई 2022 में हुई थी। पीड़ित महिला ने बताया कि वह सरकारी अनुदान प्राप्त बाउल कलाकार है। घटना के दिन वह दालपट्टी से लौटते समय कोलकाता स्टेशन के पास नहर के किनारे से गुजर रही थी। वापस लौटने में बहुत देर हो चुकी थी। उस समय सड़क के उस क्षेत्र में ज्यादा लोग नहीं थे। मौसम की स्थिति भी अच्छी नहीं थी। भारी बारिश हो रही थी। उस समय महिला ने सड़क के किनारे एक शेड के नीचे शरण ली। आरोप है कि इसी दौरान पीछे से एक बदमाश आया और उसका मुंह दबा लिया। इसके बाद, उसने उसकी गर्दन में ब्लेड जैसी नुकीली वस्तु डालकर उसे धमकाया और घसीटते हुए एक सुनसान जगह पर ले गए। महिला के कानों में सोने के आभूषण थे। उसके पास लगभग ढाई हजार रुपये थे। अपराधी वह सब कुछ लूट ले गया। फिर, क्रूर यातनाएं शुरू हुईं। इस घटना के कारण महिला बेहोश हो गई। जब उसे होश आया तो 5.30 बज चुका था। महिला के कपड़े फटे हुए थे। किसी तरह वह वहां से निकलकर घर पहुंचने में कामयाब हो गयी। ढाई साल से अधिक समय के बाद सियालदह अदालत ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी ठहराया। और उसे सात साल की जेल की सजा सुनाई।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.:सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/ईएमयू/2024,दिनांक: 28.03.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 4था तल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग सं. पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-14, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 16.04.2025 को 12.00 बजे। **क्रम सं., अनुक्रम सं., लॉट सं.** और **विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) एए/1, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर2-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)** और हावड़ा मंडल के तहत चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। **(2) एए/2, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर8-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)** और हावड़ा मंडल के तहत चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। **(3) एए/3, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर43-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)** और हावड़ा मंडल के तहत चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना।

HWH-708/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


# बेसहारा वृद्ध का सहारा बने पुलिस कांस्टेबल सुकुमार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट में कांस्टेबल के तौर पर कार्यरत सुकुमार उपाध्याय मानव उदारता के लिए मिशाल बन चुके है। वह समय समय पर जरूरतमंदों की मदद करते हैं। एक वृद्ध के लिए भी संकटमोचन बनकर सुकुमार सामने आये। दर दर भटक रहे वृद्ध को आश्रय दिलाया।

परिवार से अलग होकर दर-दर भटक रहे चुंचुड़ा के बुजुर्ग बिमल विश्वास को आखिरकार नया ठिकाना मिल गया। पुलिसकर्मी सुकुमार उपाध्याय ने काली मंदिर से उन्हें उठाकर 'नवजीवन' में रहने की व्यवस्था करवाई। आश्रय पाकर बुजुर्ग भावुक होकर पुलिसकर्मी से लिपटकर रो पड़े और सुकुमार उपाध्याय ने भी उनके आंसू पोंछे। करीब साठ वर्षीय बिमल विश्वास पहले गाड़ी चलाते थे और हेमंत बसु कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे। उम्र बढ़ने पर काम बंद हो गया, किराया नहीं चुका सके और बेघर हो गए। चक बाजार में एक फर्नीचर दुकान के बरामदे में रात गुजारते थे लेकिन एक रात किसी युवक ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वे काली मंदिर में शरण लेने को मजबूर हुए। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट में कार्यरत कांस्टेबल सुकुमार उपाध्याय ने नगरपालिका अधिकारियों से बातचीत करके उन्हें 'नवजीवन' आश्रय में ठहरने की जगह सुनिश्चित करवाई। बुजुर्ग को बाइक से वहां ले जाकर छोड़ा। भावुक क्षणों में पुलिसकर्मी ने कहा कि अगर हर कोई थोड़ा-थोड़ा मदद करे, तो कई जरूरतमंदों की जिंदगी संवर सकती है।




**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/यॉंत्रिक (समाडि)/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-निविदा सूचना संख्या M/C&W/08/2024-25 दिनांक 28.03.2025 के माध्यम से एक पैकेट सिस्टम पर आधारित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं :

**कार्य का नाम :** वाराणसी मंडल के कोचिंग डिपोट्स में न्यूमेटिक पाइप लाइनों की आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग, **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 92,49,343.12 (रुपये बानवे लाख उनचास हजार तीन सौ तिरालिस एवं बारह पैसे मात्र), **बिड सिक्योरिटी राशि :** रु. 1,85,000.00 (रुपये एक लाख पच्चासी हजार मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य (प्राधिकार एसजीसीसी-वर्क्स, अप्रैल-2022, (रेलवे बोर्ड द्वारा अपने पत्रांक 2022/सीइ-I/सीटी/जीसीसी-2022/पालिसी नयी दिल्ली दि. 27.04.2022 के माध्यम से जारी), **कार्य की अवधि :** वाराणसी मंडल के कोचिंग डिपोट्स में न्यूमेटिक पाइप लाइनों की आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग के कार्य हेतु स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 180 दिन, **वारंटी अवधि :** न्यूनतम दो वर्ष (वर्कमैनशिप के लिये) और सामग्री के लिये (न्यूनतम दो वर्ष या ओइएम द्वारा निर्दिष्ट वारंटी जो भी अधिक हो), **ई-नि. बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 28.04.2025 को समय 14.30 बजे, **ई-नि. खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 28.04.2025 को समय 15.00 बजे।

• निविदाकार निविदा को दिनांक 28.04.2025 को समय 14.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें।

वमयाइ/समाडि/वाराणसी,
मुजाधि/यांत्रिक-138 पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# चलती ट्रेन के सामने आत्महत्या करने पहुंची महिला को आरपीफ ने बचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन के अंतर्गत नलहाटी रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को आरपीएफ ने सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का शानदार प्रदर्शन किया। आरपीएफ की टीम ने मिशन जीवन रक्षा के तहत एक महिला को आत्महत्या करने से बचाया। मिली जानकारी के अनुसार, एएसआई के. यादव अपनी टीम के साथ नलहाटी रेलवे स्टेशन पर एक नियमित निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर गश्त करते समय, उन्होंने देखा कि लगभग 32 वर्षीय एक महिला प्लेटफॉर्म के दूर परेशान अवस्था में अकेली बैठी थी। पूछताछ करने पर महिला ने खुद को झारखंड के पलसा गांव निवासी मोहम्मद समीम शेख की पत्नी रवीना बीबी बताया। उसने बताया कि वह पारिवारिक किसी परेशानी के कारण चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने के इरादे से स्टेशन आई थी। आरपीएफ की टीम महिला को तुरंत आगे की सहायता के लिए नलहाटी आरपीएफ पोस्ट ले आई और उसके पति से संपर्क किया गया। महिला का पति आरपीएफ पोस्ट पहुंचा और नलहाटी के इंस्पेक्टर ने दंपति को परामर्श दिया। इसके बाद, आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए महिला को सुरक्षित रूप से उसके पति को सौंप दिया गया।




**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **(1) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-51, दिनांक: 27.03.2025।** **कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक रिलेयिंग ट्रेन (टीआरटी) द्वारा राउरकेला-झारसुगुड़ा जंक्शन (डाउन) स्टेशनों के बीच 53.806 टीकिमी. का सम्पूर्ण स्लीपर नवीकरण (पी), बीसीएम एवं टी-28 द्वारा डीप स्क्रीनिंग तथा अन्य विविध कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,71,48,705.66। **बयाना राशि:** ₹ 4,35,800। **(2) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-52, दिनांक: 27.03.2025।** **कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक रिलेयिंग ट्रेन (टीआरटी) द्वारा राउरकेला-झारसुगुड़ा जंक्शन (अप) स्टेशनों के बीच 67.034 टीकिमी. का सम्पूर्ण स्लीपर नवीकरण (पी), बीसीएम एवं टी-28 द्वारा डीप स्क्रीनिंग तथा अन्य विविध कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 8,27,31,763.15। **बयाना राशि:** ₹ 5,63,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 21.04.2025 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी- रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I / सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-1282)


# श्री मैढ़ क्षत्रिय सभा ने मनाया गणगौर उत्सव



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री मैढ़ क्षत्रिय महिला समिति अंतर्गत श्री मैढ़ क्षत्रिय सभा द्वारा मारवाड़ प्रांत के सबसे बड़े सांस्कृतिक उत्सव पर गणगौर बिंदोरा का आयोजन किया गया। इस आयोजन को स्वर्णकार भवन में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। जहां पर मातृ शक्ति ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति देकर मां पार्वती और शिवजी के स्वरूप ईश्वर जी और गौरी माता की आराधना के साथ उत्सव को सफल किया। कार्यक्रम में मीनाक्षी भामा, मीता मौसूण, सरोज सोनालिया, बबीता बरडिया, आशा सुगंध, सुनीता सोनालिया, सरिता सनखत, रंजना सोनालिया, संगीता आसट समेत अन्य सक्रिय रहीं। कार्यक्रम में सपन बर्मन, सभा के अध्यक्ष शंकर लाल सनखत, सचिव जगदीश प्रसाद सुगंध, दुलीचंद ढल्ला, देवी दत्त बरडिया, विजय कुल्थिया, दिलीप नारनौली, भास्कर सुनालिया, किशन तोशाबड़, पप्पू कांटा उपस्थित रहे।

## दासनगर के एक कारखाने में लगी भीषण आग

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के दासनगर स्थित एक ढलाई कारखाने में शनिवार दोपहर एक बड़ी आगजनी का हादसा हुआ। जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, कारखाने में श्रमिक रोज की तरह उस दिन भी काम कर रहे थे। उसी दौरान हिट चेंबर में अचानक आग की लपटें उठने लगीं, जिससे हड़कंप मच गया। श्रमिक डर के मारे भाग खड़े हुए, जिससे एक बड़ी घटना टल गई। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग को सूचित किया गया और तीन दमकल इंजन घटनास्थल पर पहुंचीं। घंटों की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, हालांकि नुकसान की जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग के कारणों की जांच की जा रही है। कारखाने में सुरक्षा नियमों का पालन ठीक से किया गया था या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है।




# सियालदह, कोलकाता एवं हावड़ा से ग्रीष्मकालीन स्पेशल



ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, सियालदह एवं गोरखपुर, सियालदह एवं जागी रोड, कोलकाता एवं पटना जंक्शन, हावड़ा एवं आनंद विहार (टी), हावड़ा एवं रक्सौल, हावड़ा एवं खातीपुरा एवं हावड़ा एवं न्यू जलपाईगुड़ी के बीच नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिन, ठहराव एवं गठन के अनुसार ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी:-

**03011/03012 हावड़ा-आनंद विहार (टी)-हावड़ा ग्रीष्मकालीन स्पेशल (बैण्डेल के रास्ते)**

| हावड़ा-आनंद विहार (टी) | | | 03011 03012 | आनंद विहार (टी)-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| शुक्र, शनि | - | 17.40 | ↓ हावड़ा | 03.00 | - | सोम, मंगल |
| | 21.00 | 21.05 | आसनसोल | 21.30 | 21.35 | |
| शनि, रवि | 00.20 | 00.25 | धनबाद | 20.25 | 20.30 | रवि, सोम |
| | 10.15 | 10.20 | प्रयागराज जं. | 09.55 | 10.00 | |
| | 22.30 | - | आनंद विहार (टी)↑ | - | 00.30 | |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी-ऑन-सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन एवं टूण्डला जंक्शन स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिन : हावड़ा से - 03011:** दिनांक 04.04, 05.04, 11.04 एवं 12.04.2025 (शुक्रवार एवं शनिवार) तथा **आनंद विहार (टी) से - 03012** दिनांक 06.04, 07.04, 13.04 एवं 14.04.2025 (रविवार एवं सोमवार) = 4 ट्रिप प्रत्येक। **गठन** : वातानुकूलित2-टीयर-1, वातानुकूलित 3-टीयर-2, शयनयान श्रेणी-12, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-3, एसएलआरडी-2 = 20 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03027/03028 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा ग्रीष्मकालीन स्पेशल**

| हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी | | | 03027 03028 | न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| बुध | - | 23.55 | ↓ हावड़ा | 00.10 | - | शुक्र |
| गुरु | 00.55 | 00.57 | बैण्डेल | 23.08 | 23.10 | गुरु |
| | 03.30 | 03.35 | आजिमगंज जं. | 19.30 | 19.35 | |
| | 06.25 | 06.30 | मालदा टाउन | 17.10 | 17.15 | |
| | 10.45 | - | न्यू जलपाईगुड़ी↑ | - | 12.45 | |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में नवद्वीप धाम, कटवा, जंगीपुर रोड, बरसोई, किशनगंज एवं अलुआबाड़ी रोड स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिन: हावड़ा से 03027** : दिनांक 02.04, 09.04, 16.04, 23.04, 30.04.2025 एवं 07.05.2025 (बुधवार) एवं **न्यू जलपाईगुड़ी से - 03028** दिनांक 03.04, 10.04, 17.04, 24.04.2025, 01.05 एवं 08.05.2025 (गुरुवार) = 6 ट्रिप प्रत्येक। **गठन:** वातानुकूलित प्रथम + वातानुकूलित 2-टीयर कम्पोजिट कोच - 1, वातानुकूलित 2-टीयर-1, वातानुकूलित 3-टीयर-5, वातानुकूलित 3-टीयर इकोनॉमी-1, शयनयान श्रेणी-7, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस)-4, एलएसएलआरडी-1, पावर कार- 1 = 21 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03007/03008 हावड़ा-खातीपुरा-हावड़ा ग्रीष्मकालीन स्पेशल (डानकुनी के रास्ते)**

| हावड़ा-खातीपुरा | | | 03007 03008 | खातीपुरा-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| रवि | - | 18.00 | ↓ हावड़ा | 15.15 | - | बुध |
| | 21.05 | 21.10 | आसनसोल | 10.10 | 10.15 | |
| सोम | 03.25 | 03.35 | पटना जं. | 04.30 | 04.40 | |
| | 10.00 | 10.05 | प्रयागराज जं. | 21.20 | 21.25 | मंगल |
| | 23.30 | - | खातीपुरा ↑ | - | 05.30 | |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बर्द्धमान, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल जंक्शन, मोकामा, बख्तियारपुर जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन, फतेहाबाद, शमशाबाद टाउन, आगरा कैण्ट. जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, बंदीकुई जंक्शन एवं दौसा स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिन: हावड़ा से 03007** : दिनांक 13.04, 20.04, 27.04.2025, 04.05, 11.05, 18.05, 25.05.2025 एवं 01.06.2025 (रविवार) एवं **खातीपुरा से - 03008** दिनांक 15.04, 22.04, 29.04.2025, 06.05, 13.05, 20.05, 27.05.2025 एवं 03.06.2025 (मंगलवार) = 8 ट्रिप प्रत्येक। **गठन:** वातानुकूलित 2-टीयर-1, वातानुकूलित 3-टीयर-2, शयनयान श्रेणी-12, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-3, एसएलआरडी-2 = 20 कोच।

**03045/03046 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा ग्रीष्मकालीन स्पेशल**

| हावड़ा-रक्सौल | | | 03045 03046 | रक्सौल-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| गुरु | - | 23.00 | ↓ हावड़ा | 10.45 | - | शनि |
| शुक्र | 02.37 | 02.42 | आसनसोल | 05.15 | 05.20 | |
| | 03.53 | 03.55 | मधुपर | 04.03 | 04.05 | |
| | 12.40 | 12.45 | दरभंगा | 20.20 | 20.25 | शुक्र |
| | 16.10 | - | रक्सौल ↑ | - | 17.30 | |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, चित्तरंजन, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, जनकपुर रोड, सीतामढी एवं बैरगनिया स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिन: हावड़ा से 03045** : दिनांक 10.04.2025 (गुरुवार) एवं **रक्सौल से - 03046** दिनांक 11.04.2025 (शुक्रवार) = 1 ट्रिप प्रत्येक। **गठन:** वातानुकूलित 2-टीयर-1, वातानुकूलित 3-टीयर-2, शयनयान श्रेणी-12, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-3, एसएलआरडी-2 = 20 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03131/03132 सियालदह-गोरखपुर-सियालदह ग्रीष्मकालीन स्पेशल**

| सियालदह-गोरखपुर | | | 03131 03132 | गोरखपुर-सियालदह | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| मंगल | - | 18.15 | ↓ सियालदह | 07.30 | - | गुरु |
| | 21.33 | 21.35 | आसनसोल | 02.50 | 02.55 | |
| | 22.40 | 22.42 | मधुपर | 01.08 | 01.10 | |
| बुध | 02.50 | 03.00 | पटना जंक्शन. | 19.40 | 19.50 | बुध |
| | 10.15 | - | गोरखपुर ↑ | - | 13.00 | |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बर्द्धमान, दुर्गापुर, चित्तरंजन, जसीडीह, झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पाटलीपुत्र, छपरा, सीवान एवं देवरिया सदर स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिन: सियालदह से - 03131** दिनांक 13.05, 20.05, 27.05.2025, 03.06, 10.06, 17.06 एवं 24.06.2025 (मंगलवार) एवं **गोरखपुर से - 03132** दिनांक 14.05, 21.05, 28.05.2025, 04.06, 11.06, 18.06 एवं 25.06.2025 (बुधवार) = 7 ट्रिप प्रत्येक। **गठन :** वातानुकूलित 2-टीयर-1, वातानुकूलित 3-टीयर-2, शयनयान श्रेणी-12, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-3, एसएलआरडी-2 = 20 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03105/03106 सियालदह-जागी रोड-सियालदह ग्रीष्मकालीन स्पेशल**

| सियालदह-जागी रोड | | | 03105 03106 | जागी रोड-सियालदह | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| शुक्र | - | 09.00 | ↓ सियालदह | 13.00 | - | रवि |
| | 10.13 | 10.15 | बैण्डेल | 10.48 | 10.50 | |
| | 19.10 | 19.20 | न्यू जलपाईगुड़ी | 00.30 | 00.40 | |
| शनि | 03.55 | 04.05 | गुवाहाटी | 15.30 | 15.40 | शनि |
| | 06.30 | - | जागी रोड ↑ | - | 13.00 | |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, नवद्वीप धाम, कटवा, आजिमगंज, जंगीपुर रोड, न्यू फरक्का जंक्शन, मालदा टाउन, कुमेदपुर, बरसोई, किशनगंज, अलुआबाड़ी रोड, धूपगुड़ी, न्यू कोचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, गोसाईगाँव हाट, कोकराझार, न्यू बंगाईगाँव, गोवालपाड़ा एवं कामाख्या स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिन: सियालदह से - 03105** दिनांक 18.04, 25.04.2025, 02.05 एवं 09.05.2025 (शुक्रवार) एवं **जागी रोड से - 03106** दिनांक 19.04, 26.04.2025, 03.05 एवं 10.05.2025 (शनिवार) = 4 ट्रिप प्रत्येक। **गठन :** वातानुकूलित 2-टीयर-1, वातानुकूलित 3-टीयर-2, शयनयान श्रेणी-12, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-3, एसएलआरडी-2 = 20 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03135/03136 कोलकाता-पटना जंक्शन-कोलकाता ग्रीष्मकालीन स्पेशल**

| हावड़ा-पटना जंक्शन | | | 03135 03136 | पटना जंक्शन-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| मंगल | - | 23.50 | ↓ कोलकाता | 23.45 | - | बुध |
| बुध | 02.50 | 02.55 | आसनसोल | 18.55 | 19.00 | |
| | 04.03 | 04.05 | मधुपुर | 17.25 | 17.27 | |
| | 07.43 | 07.45 | किऊल | 14.25 | 14.27 | |
| | 10.45 | - | पटना जंक्शन ↑ | - | 12.00 | |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बर्द्धमान, दुर्गापुर, चित्तरंजन, जसीडीह, झाझा, मोकामा, बख्तियारपुर एवं पटना साहिब स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिन: कोलकाता से 03135** : दिनांक 08.04.2025 (मंगलवार) एवं **पटना जंक्शन से - 03136** दिनांक 09.04.2025 (बुधवार) = 1 ट्रिप प्रत्येक। **गठन:** वातानुकूलित 2-टीयर-1, वातानुकूलित 3-टीयर-2, शयनयान श्रेणी-12, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-2, एसएलआरडी-2 = 19 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**हरीश चन्द जायसवाल**
चेयरमैन : हावड़ा जायसवाल परिवार
उपाध्यक्ष : जायसवाल संरक्षक संघ

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**सुरेश जायसवाल**
प्रसिद्ध समाजसेवी
जायसवाल संरक्षक संघ के संस्थापक सदस्य

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं




**राजेन्द्र प्रसाद साव**
प्रतिष्ठित समाजसेवी
मुख्य संरक्षक जनता कल्याण संघ

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**राधेश्याम जायसवाल**
R S ENTERPRISES
समाजसेवी, बेलिलियस हावड़ा

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**राजेश जायसवाल**
Adcom Display Pvt. Ltd., Howrah

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**महेन्द्र जायसवाल**
अध्यक्ष : हावड़ा जायसवाल परिवार

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**बिनोद जायसवाल**
Gulabchand Lalchand & Co

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं




**रामनरेश जायसवाल**
Dinesh Timber Company, kolkata

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**महेन्द्र सोन्थालिया**
कोषाध्यक्ष :श्री गणेश लक्ष्मी मार्केट एसोसियेशन, हावड़ा

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**विकास जायसवाल**
ATHRAV ENTERPRISE
1, M S P C Lane, Howrah-711102

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**शेषनाथ जायसवाल**
Maa Durga Traders
1/4K, Banaras Road, 1st by Lane, Howrah-711108

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**रमेश जायसवाल**
उद्योगपति एवं समाजसेवी
Sahay Steel Industries Pvt Ltd
42/1, Hamid Munshi Lane, Howrah-7111 01
Office : Ichapur Sealdanga HIT Road, Howrah-711104

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**शम्भूनाथ जायसवाल**
AAKASH CATERING
31/7, Ganga Ram Bairagi Lane Howrah

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**सुभाष जायसवाल**
Shree Tirupati Industries
48/3, I. R. Beriliyam Road, Howrah-711101

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**मनोज गुप्ता**
MANOJ ENTERPRISE
Shanpur, Dasnagar, Howrah-711105

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**आनन्द सोनकर**
सभापति उत्तर हावड़ा, मण्डल-3, हावड़ा जिला

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**रतन अग्रवाल**
अध्यक्ष : वेलिंगटन नागरिक कल्याण समिति

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**प्रेम प्रकाश सिंह**
उपाध्यक्ष मध्य हावड़ा तृणमूल कांग्रेस

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**राजेश साव**
SHAW WEIGHT BRIDGE
Shanpur, Dasnagar, Howrah-711105

नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**उमेश कुमार जायसवाल**
अध्यक्ष : हावड़ा राम जानकी समिति

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



## हावड़ा राम जानकी समिति

54, गंगाराम बैरागी लेन, हावड़ा-711101
अध्यक्ष : उमेश कुमार जायसवाल
उपाध्यक्ष : राधे श्याम जायसवाल
संयुक्त सचिव : गंगा प्रसाद जायसवाल एवं संजय गुप्ता
कोषाध्यक्ष : बृजेश जायसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल
कार्यकारिणी सदस्य हावड़ा राम जानकी समिति
संस्थापक सदस्य : अयोध्या प्रसाद जायसवाल, गोरखनाथ जायसवाल, शंभूनाथ जायसवाल, राधे श्याम जायसवाल, उमेश कुमार जायसवाल, भगवान दास जायसवाल, बृजेश कुमार जायसवाल जयप्रकाश जायसवाल, सत्येंद्र कुमार जायसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, बाबूलाल जायसवाल

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



## लौह व्यवसायी समिति हावड़ा

35/4, हमीद मुंशी लेन, हावड़ा
अध्यक्ष : कृष्ण कुमार जायसवाल, सचिव : अजय कुमार गुप्ता
कोषाध्यक्ष : विनय जायसवाल, सह-कोषाध्यक्ष : मनोज पासवान
एवं कार्यकारिणी सदस्यगण

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**महेश मीमानी**
प्रसिद्ध समाजसेवी

नववर्ष विक्रम संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं



**बिनोद टंडन**
समाजसेवी

## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में नवी मुंबई में 14 विदेशी गिरफ्तार

**ठाणे :** नवी मुंबई में पांच महिलाओं सहित 14 विदेशी नागरिकों को देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अफ्रीकी देशों नाइजीरिया, घाना और युगांडा के रहने वाले इन विदेशियों को वाशी क्षेत्र के जुहूगांव से हिरासत में लिया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से 2,03,500 रुपये नकद और उनके ठहरने के स्थान से 90,000 रुपये से अधिक मूल्य की शराब बरामद की है। उन्होंने कहा कि पुलिस पंकज जोशी नामक व्यक्ति की भी तलाश कर रही है, जिसने कथित तौर पर निर्धारित प्रक्रियाओं और नियमों का पालन किए बिना विदेशियों को अपना मकान किराए पर दे दिया था।

### मणिपुर में समाधान राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए: राहुल गांधी



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर के लोग शांति और स्थिरता के हकदार हैं तथा वहां संघर्ष का समाधान राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। मणिपुर के कई कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को संसद भवन स्थित राहुल गांधी के कार्यालय में उनसे मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने शनिवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''कल संसद भवन में मणिपुर के विभिन्न समुदायों के कांग्रेस नेताओं से मुलाकात हुई। यह बेहद चिंत-ाजनक है कि लगभग दो साल की हिंसा और अब राष्ट्रपति शासन के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभी तक राज्य का दौरा नहीं किया है।''उन्होंने कहा कि मणिपुर के लोग शांति और स्थिरता के पात्र हैं।

### एमसीडी ने संपत्ति कर बकाएदारों की 88 संपत्तियां कुर्क कीं और 87 बैंक खातों पर रोक लगाई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने संपत्ति कर न चुकाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सभी जोन में 88 संपत्तियां कुर्क कीं और 87 बैंक खातों पर रोक लगाई तथा लगभग 25.75 करोड़ रुपये का बकाया वसूल किया है। एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, केशवपुरम जोन में तीन संपत्तियां कुर्क की गईं जिससे 5.7 लाख रुपये की वसूली हुई। सिटी एसपी जोन में 22 संपत्तियां कुर्क की गईं और 19 बैंक खातों पर रोक लगाई गई। इस पूरी कवायद से 65.24 लाख रुपये की वसूली हुई। इसी प्रकार, सिविल लाइंस जोन में 45 संपत्तियां कुर्क की गईं और नौ बैंक खातों पर रोक लगाई गई। इससे 187.46 लाख रुपये वसूले गए। रोहिणी में चार बैंक खातों पर रोक लगाई गई और 66.21 लाख रुपये बरामद किए गए। नगर निकाय ने संपत्ति मालिकों को चेतावनी दी है कि वे इस तरह की कार्रवाई से बचने के लिए 31 मार्च की समय सीमा से पहले अपना बकाया चुका दें।

### तेलंगाना में सड़क दुर्घटना में मुंबई के डीसीपी समेत दो की मौत

**मुंबई/हैदराबाद :** तेलंगाना के नगरकुरनूल में शनिवार दोपहर सड़क दुर्घटना में मुंबई बंदरगाह क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त सुधाकर पठारे और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2010 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी पठारे और अन्य लोग एक वाहन में सवार थे और यह वाहन एक बस से टकरा गई। अधिकारी ने बताया, '' पठारे एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हैदराबाद में थे। वह मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रीशैलम (नंदयाल जिले में) जा रहे थे, तभी उनकी एसयूवी एक बस से टकरा गई। अस्पताल ले जाए जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।''

# भाषा के नाम पर देश को तोड़ने की कोशिशें बंद होनी चाहिए: राजनाथ सिंह




**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाषा के मुद्दे को लेकर शनिवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा हिंदी और अन्य सभी भारतीय भाषाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सहयोग की भावना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाषा के नाम पर देश को तोड़ने के प्रयास बंद होने चाहिए। तमिल रानी वेलु नचियार को श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग तमिल और हिंदी को लेकर विवाद पैदा कर रहे हैं। उन्होंने उत्तर भारत में नचियार के बारे में जागरूकता फैलाने के प्रयास की सराहना की। सिंह ने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं एक-दूसरे को मजबूत बनाती हैं। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक, भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राज्य में हिंदी थोपने का आरोप लगा रही है। राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोनों दलों के बीच जुबानी जंग और तेज हो सकती है। द्रमुक विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा है। सिंह ने कहा कि कुछ लोग मुगल शासक औरंगजेब को अपना आदर्श मानते हैं, जिसने अन्य धर्मों के अनुयायियों पर अत्याचार किए।

## प्रधानमंत्री मोदी रविवार को नागपुर में आरएसएस संस्थापक के स्मारक पर जाएंगे

**मुंबई/नागपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर का दौरा करेंगे, जहां वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ. केबी हेडगेवार के स्मारक पर जाएंगे और दीक्षाभूमि में डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि देंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा ऐसे समय में होगा, जब नागपुर में गुड़ी पड़वा के मौके पर आरएसएस के समारोह का आयोजन किया जाएगा। एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रधानमंत्री स्मृति मंदिर जाएंगे और आरएसएस के संस्थापक सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। हेडगेवार और आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर के स्मारक नागपुर के रेशिमबाग इलाके में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर में स्थित हैं।

## वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सुनिश्चित करेगा यूडीएफ : प्रियंका गांधी



**वायनाड (केरल) :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को आश्वासन दिया कि कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सुनिश्चित करेगा कि वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित सभी विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर सकें। यहां कलपेट्टा के मुंडक्कई-चूरलमाला क्षेत्रों में आई आपदा से प्रभावित विद्यार्थियों के लिए आयोजित उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि कई बच्चों ने अपने पूरे परिवार को खो दिया है। उन्होंने कहा, ''ऐसी परिस्थितियों में, हम सभी इस बात को लेकर बहुत चिंतित थे कि वे अपनी शिक्षा कैसे जारी रखेंगे। यूडीएफ में हम लोगों ने यह निर्णय लिया है कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए भरसक प्रयास करेंगे कि वे अपनी पढ़ाई जारी रखें।'' कांग्रेस सांसद ने प्रभावित विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने में विभिन्न संस्थाओं की पहल की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ''मुझे यह जानकर खुशी हुई कि वायनाड के 121 छात्र वर्तमान में एनआईसीएचई (कन्याकुमारी) में अध्ययन कर रहे हैं। मैं छात्रवृत्ति के लिए एनआईसीएचई (कन्याकुमारी) के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिसमें पूर्ण छात्रवृत्ति, छात्रावास और मेस शुल्क माफी शामिल है। मैं वायनाड के चार छात्रों को वित्तपोषित करने के लिए कर्नाटक के येनेपोया विश्वविद्यालय की भी सराहना करती हूं।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि जब वह भूस्खलन के बाद यहां आईं तो उन्होंने लोगों की पीड़ा और कष्ट देखा। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में यहां के लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा, ''हम केवल बाहर से कल्पना कर सकते हैं और समझ सकते हैं, लेकिन यह आप ही हैं जिन्होंने वास्तव में कष्ट झेले हैं और अपने प्रियजनों के बिना रह रहे हैं। हम आपको वह वापस नहीं दे सकते जो आपने खोया है, लेकिन हम जो कर सकते हैं वह यह है कि भविष्य में आपके लिए जीवन को आसान बना सकते हैं।''

## जनजातीय, भाषाई समुदायों को एकजुट होना होगा : मुख्यमंत्री हिमंत

**दुधनोई (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य के विभिन्न जनजातीय और भाषाई समुदायों को एकजुट रहना होगा, अन्यथा अवैध बांग्लादेशी प्रवासी ''उन्हें रहने भी नहीं देंगे।'' उन्होंने दावा किया कि जब तक लोग एकजुट रहेंगे, तब तक भाजपा को कोई नहीं हरा सकता। शर्मा दो अप्रैल को राभा हसोंग स्वायत्त परिषद (आरएचएसी) के चुनावों से पहले गोवालपारा जिले के दुधनोई में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने राज्य में सभी समुदायों के बीच सद्भाव स्थापित किया है। उन्होंने कहा, ''हमें एकता एवं सद्भाव की आवश्यकता है और अगर हम एक परिवार की तरह एकजुट नहीं होंगे, तो बांग्लादेशी (अवैध प्रवासी) हमारी जमीन और संपत्ति छीन लेंगे। वे हमें रहने भी नहीं देंगे।'' शर्मा ने कहा, ''जब से भाजपा सत्ता में आई है, बांग्लादेशी (घुसपैठिए) अपने बिलों में घुस गए हैं और बाहर नहीं आए हैं, क्योंकि हम एकजुट हैं।'' भाजपा नेता ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राभा समुदाय के वास्ते स्वायत्त परिषद के लिए किए गए आंदोलन के दौरान 24 लोगों की मौत के लिए उसे जिम्मेदार ठहराया। शर्मा ने कहा, ''कांग्रेस उस समय सत्ता में थी और उन्होंने 24 लोगों की जान ले ली। जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा और अन्य नेता यहां वोट मांगने आते हैं, तो उन्हें सबसे पहले इन मौतों के लिए माफी मांगनी चाहिए।''

## जम्मू-कश्मीर में वादे के अनुसार राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा वादे के अनुसार बहाल किया जाएगा। हालांकि शाह ने कोई समयसीमा नहीं बताई। शाह ने शुक्रवार रात टाइम्स नाउ समिट 2025 में कहा कि पिछले साल जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए थे। राज्य का दर्जा बहाल करने की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमने आश्वासन दिया है कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। लेकिन सार्वजनिक मंच पर यह नहीं बताया जा सकता कि यह कब दिया जाएगा। जब 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था और तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था, तो शाह ने संसद में कहा था कि उचित समय पर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, कश्मीर में 40 साल बाद यह पहला चुनाव था जिसमें किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान नहीं हुआ। एक भी आंसू गैस या गोली नहीं चलाई गई। 60 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, यह बहुत बड़ा बदलाव है।

### मणिपुर में उचित समय पर राष्ट्रपति शासन लागू किया गया, स्थिति सामान्य हो रही है

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मणिपुर में स्थिति अब अपे-क्षाकृत शांतिपूर्ण है और सरकार स्थायी शांति स्थापित करने के लिए मेइती और कुकी समुदायों के साथ चर्चा कर रही है। शाह ने यह भी कहा कि मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए उचित समय पर राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार रात 'टाइम्स नाउ समिट, 2025' में कहा, अब स्थिति अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण है। सामान्य जीवन फिर से शुरू हो गया है। गृह मंत्रालय ने दोनों समुदायों के साथ अलग-अलग बैठकें की हैं। दोनों समुदायों ने एक-दूसरे से बात भी की है। धीरे-धीरे चीजें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

## जानवरों के प्रति अधिक दया और करुणा दिखानी चाहिए: पूर्व प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़



**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने लोगों से जानवरों के प्रति करुणा दिखाने और अधिक दयालु जीवन जीने का आह्वान किया है। पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) चंद्रचूड़ ने पशु अधिकारों की वकालत करने और शाकाहार को बढ़ावा देने में संगठन के प्रयासों की तारीफ की। उन्होंने जानवरों के साथ संवेदनशील जीवों के रूप में पेश आने के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों से उनके प्रति करुणा का भाव दिखाने का आग्रह किया। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) चंद्रचूड़ ने कहा, पेटा इंडिया ने पिछले 25 वर्षों में उल्लेखनीय काम किया है। और जो एक छोटे-से आंदोलन के रूप में शुरू हुआ था, अब वह पूरे भारत और उसके बाहर फैल चुका है। हम मानते हैं कि प्रेम, दया और करुणा के भाव को बढ़ावा देने में हमारी अहम भूमिका है। और याद रखें कि हमारे पास इस ग्रह पर मौजूद अन्य प्रजातियों से सीखने के लिए बहुत कुछ है।

## लालू के राज में 'डूबता राज्य' बन गया था बिहार : नड्डा



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में तरक्की कर रहा बिहार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के शासन में डूबता बिहार और जंगल राज में तब्दील हो गया था। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से आयोजित बिहार दिवस कार्यक्रम में नड्डा ने अपने संबोधन में दावा किया कि नीतीश कुमार के शासन में बिहार अंधकार से बाहर आया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य फिर प्रगति का गवाह बना। बिहार की तारीफ करते हुए नड्डा ने कहा कि इस राज्य की एक विशेष आभा एवं गतिशीलता है, इसने दुनिया को लोकतंत्र दिया और यहां स्थित नालंदा तथा विक्रमशिला शिक्षा के महान केंद्र हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक काल में भी बड़ी संख्या में बिहार के छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज में पढ़ते हैं और राज्य के कई प्रोफेसर अपनी शैक्षणिक दक्षता के लिए दुनियाभर में जाने-पहचाने जाते हैं। उन्होंने 1990 के दशक में लालू के नेतृत्व वाले राजद शासन का जिक्र करते हुए कहा, 1970 के दशक के आसपास बिहार एक प्रगतिशील राज्य था। लालू राज में यह 'डूबता बिहार' बन गया। उस समय पटना में शाम को बाहर निकलना मुश्किल था। नड्डा ने कहा कि चिकित्सकों को राज्य से भागने के लिए मजबूर किया गया और शादियों के लिए शोरूम से नयी गाड़ियां जबरन निकालवाई जाती थीं। भाजपा अध्यक्ष ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि बिहार में कोई जंगल राज नहीं था, क्योंकि वे उस दौर में पैदा ही नहीं हुए थे।

## छत्तीसगढ़: प्रधानमंत्री मोदी रविवार को कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे

**रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को छत्तीसगढ़ में 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव के बाद यह प्रधानमंत्री का राज्य का पहला दौरा है। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम बिलासपुर जिले के मोहभट्टा गांव में होगा, जिसके मद्देनजर आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य भर से लगभग दो लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री रविवार को अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे बिलासपुर पहुंचेंगे और 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बिजली, तेल व गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और आवास क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सस्ती बिजली उपलब्ध कराने और छत्तीसगढ़ को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) की 15,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पहली 'सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना' की शुरुआत करेंगे।

## विश्व नवकार मंत्र दिवस की तैयारियों के लिए दिगंबर समाज की बैठक



### 9 अप्रैल को ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन

**कोलकाता,समाज्ञा :** शिखरचंदजी धगड़ा की श्रद्धांजलि सभा के बाद, दिगंबर समाज ने आगामी विश्व नवकार मंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। यह बैठक कोलकाता के बड़ाबाजार स्थित प्रमुख दिगम्बर समाज मंदिर में जीतो के सहयोग से संपन्न हुई। बैठक में जैन समाज के कई सदस्य उपस्थित हुए और इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस आयोजन के तहत, 9 अप्रैल 2025 को कोलकाता के नेताजी इंदोर स्टेडियम में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जैन समाज के सभी सदस्य सुबह 8:00 बजे नवकार मंत्र का सामूहिक जाप करेंगे। यह आयोजन संपूर्ण विश्व में एक साथ होगा और जैन समाज में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह का माहौल है। बैठक में जीतो कोलकाता चैप्टर के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन, संयोजक दिनेश गगवाल (जैन), चंद्रेश मेधाणी (रोमी), हुकम जैन, सुरेंद्र सेठी, सौरव जैन, धर्मेश जैन, ललित लोहिया, आनंद पंडित, बिनोद काला, निर्मल बिन्डायका, संजय काला (हिंदमोटर), सुनील पहरिया, संजय काला (इस्पात) सहित कई अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे। उन्होंने इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता और समर्थन दिया। नेत-ाजी इंदोर स्टेडियम में 20,000 से अधिक श्रद्धालु एकत्रित होकर नवकार मंत्र का उच्चारण करेंगे, जिससे यह आयोजन जैन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर बन जाएगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल जैन धर्म की आराधना करना है, बल्कि यह विश्व शांति, एकता और भाईचारे का प्रतीक भी बनेगा। यह आयोजन सिर्फ कोलकाता में नहीं, बल्कि 108 देशों और भारत के 6000 से अधिक स्थानों पर एक साथ किया जाएगा, जो जैन समाज की एकता को प्रदर्शित करेगा। जैन समाज के सभी धर्म प्रेमियों से अपील की गई है कि वे इस पवित्र अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें, ताकि सम्पूर्ण विश्व में शांति और प्रेम का संदेश फैलाया जा सके।

## सैफ पर हमला: आरोपी ने जमानत का अनुरोध किया, गलत तरीके से फंसाने का लगाया आरोप

**मुंबई :** इस साल जनवरी में बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर में घुसकर उनपर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार 30 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक ने जमानत के लिए अदालत में याचिका दायर की है। आरोपी ने याचिका में दावा किया है कि उसे गलत तरीके से इस मामले में फंसाया गया है। सत्र न्यायालय के समक्ष शुक्रवार को दायर याचिका में आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने दावा किया कि इस मामले में ''प्रथम सूचना रिपोर्ट सरासर झूठी है और उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है।'' शरीफुल ने यह भी कहा कि पुलिस ने उसे गिरफ्तारी के कानूनी आधार के बारे में नहीं बताया, जिससे उसके मौलिक अधिकारों का हनन हुआ। सत्र अदालत एक अप्रैल को इस आवेदन पर सुनवाई कर सकती है। सैफ अली खान (54) पर 16 जनवरी को बांद्रा स्थित उनके 12वीं मंजिल स्थित अपार्टमेंट में एक घुसपैठिये ने चाकू से कई बार वार किया था। उसके बाद लीलावती अस्पताल में सैफ की आपात सर्जरी की गई थी। पुलिस ने हमले के दो दिन बाद शरीफुल को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी ने अपनी याचिका में दावा किया कि उसकी गिरफ्तारी अवैध है, क्योंकि जांच एजेंसी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 47 का 'स्पष्ट रूप से और घोर उल्लंघन किया।'

## बेंगलुरु के इंजीनियर के निधन के बाद उनके अंगदान से कई लोगों की जान बची

**बेंगलुरू :** एक शोकाकुल एकल मां द्वारा अपने बेटे के अंग दान करने के निर्णय से छह लोगों की जान बचाने में मदद मिली। 15 मार्च को एक सड़क दुर्घटना में उनके बेटे की मौत हो गयी थी। राजाजी नगर की निवासी रेखा राव ने बताया कि उनका 33 वर्षीय बेटा राकेश कुमार एस उस दिन अपने दोस्त से मिलने जा रहा था, लेकिन दोपहिया वाहन फिसलने से वह गिर गया जिससे उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आयीं और वह तुरंत बेहोश हो गया। उन्होंने बताया कि राहगीरों ने उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। राव ने 25 साल पहले अपने पति को खो दिया था। उन्होंने कहा कि अपने भारी दुख के बावजूद वह राकेश के लिए सही काम करना चाहती थीं। राव ने 'पीटीआई भाषा' से कहा, मुझे यह जानकर थोड़ी राहत मिलती है कि उनके अंग दान करने के फैसले से दूसरों को जीने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि निम्हांस के आईसीयू में बिस्तर देने से इनकार कर दिया गया, जहां उन्हें अपने बेटे को ले जाने की सलाह दी गई थी, जिसके बाद उन्होंने अंततः उसे शेषाद्रिपुरम के अपोलो अस्पताल में स्थानांतरित करा दिया। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे बताया गया कि अंततः उसके दिमाग ने काम करना बंद कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि उसके मस्तिष्क के मृत होने की पुष्टि के बाद राव को अंगदान का विकल्प दिया गया। डॉ. राव ने कहा, हमें इस जीवन-रक्षक प्रक्रिया में भूमिका निभाने का सम्मान मिला है। इनमें से प्रत्येक दान गंभीर अंग प्रत्यारोपण की जरूरत वाले रोगियों के लिए एक बड़ा बदलाव लाएगा, जिससे उन्हें नई उम्मीद और जीवन-रक्षक उपचार मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) की रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरू में 4,000 से अधिक मरीज अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## पूर्वी काठमांडू में कर्फ्यू हटाया गया, 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया



**काठमांडू :** नेपाल में प्राधिकारियों ने काठमांडू के पूर्वी हिस्से में सुर-क्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद लगाया गया कर्फ्यू क्षेत्र में तनाव कम होने के बाद शनिवार को हटा दिया। काठमांडू के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को उस समय तनाव पैदा हो गया था जब राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया था, एक राजनीतिक पार्टी के कार्यालय पर हमला कर दिया था, कई वाहनों में आग लगा दी थी तथा राजधानी के तिनकुने क्षेत्र में दुकानों में लूटपाट की थी। सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक टीवी कैमरामैन समेत दो लोगों की मौत हो गई और 110 अन्य लोग घायल हो गए। बाद में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना को बुलाया गया था। पुलिस ने हिंसक प्रदर्शन के दौरान मकानों को जलाने और वाहनों में तोड़फोड़ करने की घटनाओं में शामिल 105 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, शुक्रवार शाम चार बजकर 25 मिनट से लगाया गया कर्फ्यू शनिवार सुबह सात बजे हटा लिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के महासचिव धवल शमशेर राणा और पार्टी के केंद्रीय सदस्य रवींद्र मिश्रा शामिल हैं। प्रदर्शनकारी राजशाही की बहाली और हिंदू राष्ट्र की मांग कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन के संयोजक दुर्गा प्रसाई द्वारा अवरोधकों को तोड़कर और बुलेटप्रूफ वाहन पर सवार होकर बानेश्वर की ओर बढ़ने के बाद प्रदर्शन हिंसक हो गया। बानेश्वर में संसद भवन स्थित है। काठमांडू जिला पुलिस रेंज के पुलिस अधीक्षक अपिल बोहरा ने बताया कि शुक्रवार को हुए हिंसक प्रदर्शनों में सबसे बड़ा हाथ प्रसाई का है और वह अब भी फरार है।

## इसरो ने एलवीएम3 के लिए 'सेमीक्रायोजेनिक इंजन' विकसित करने की दिशा में अहम सफलता हासिल की

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2,000 केएन (किलोन्यूटन) के उच्च 'थ्रस्ट' वाले 'सेमी-क्रायोजेनिक इंजन' या 'तरल ऑक्सीजन/केरोसिन (मिट्टी का तेल) इंजन' को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने की घोषणा की है। यह इंजन प्रक्षेपण यान 'मार्क-3' (एलवीएम3) के 'सेमीक्रायोजेनिक बूस्टर' चरण में मदद करेगा। इसरो ने कहा कि 'सेमीक्रायोजेनिक इंजन' विकसित करने के कार्यक्रम में पहली बड़ी सफलता 28 मार्च को मिली जब तमिलनाडु में महेंद्रगिरि के 'इसरो प्रणोदन परिसर' में 'इंजन पावर हेड टेस्ट आर्टिकल' (पीएचटीए) का पहला तप्त (हॉट) परीक्षण सफल रहा।

## कर्नाटक: भाजपा महंगाई, मुस्लिम कोटा और विधायकों के निलंबन के खिलाफ करेगी प्रदर्शन

**बेंगलुरु :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर निशाना साधने के उद्देश्य से शनिवार को घोषणा की कि राज्य में बढ़ती महंगाई के खिलाफ दो अप्रैल से दिन-रात प्रदर्शन किया जाएगा और सार्वजनिक ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के सरकार के ''असंवैधानिक'' कदम के खिलाफ 10 अप्रैल के बाद राज्यव्यापी जागरूकता अभियान भी शुरू किया जाएगा। विजयेंद्र ने बताया कि पार्टी विधानसभा से भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित किए जाने के खिलाफ भी प्रदर्शन करेगी और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष यू. टी. खादर के फैसले को ''तानाशाही'' करार दिया। उन्होंने कहा, पार्टी के कुछ नेताओं ने बैठक कर कई मुद्दों पर चर्चा की, खासकर राज्य में बढ़ती महंगाई के बारे में। दूध के दाम बढ़ाकर कांग्रेस सरकार ने शायद जनता को उगादि का तोहफा दिया है। हम जनता में जागरूकता लाना चाहते हैं और हमने इस मूल्य वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन करने का फैसला किया है।

# नवजागरण का वाहक है भारतीय नववर्ष



डॉ. वेदप्रकाश

स्वजागरण नवजागरण का मूल है। अपनी भाषा, भोजन, भेष, पर्व-उत्सव एवं अपनी सनातन परंपराओं की ओर लौटना एवं उनके महत्व को समझना जागरण का ही द्योतक है। पिछले लगभग एक दशक से व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र जीवन नवजागरण की प्रक्रिया से गुजर रहा है। भारतीय नववर्ष को लेकर समूचे भारतवर्ष में लगातार नई ऊर्जा और नव उल्लास बढ़ रहा है। एक बड़ा वर्ग इसके महत्व को समझकर इसे अधिकाधिक जानने और जीने का प्रयास कर रहा है। वह यह समझ चुका है कि नाइट पार्टी, शराब, होटल और रेस्टोरेंट वाले हैप्पी न्यू ईयर से वास्तव में जीवन में हैप्पीनेस नहीं होगी, उसके मूल में बाजार है।

इसके विपरीत हम पाते हैं कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ हुआ नवसंवत्सर या नववर्ष पूजा पाठ, आहार- विहार की शुद्धता एवं आचरण की सुचिता पर केंद्रित है, जिसमें समूचा परिवार एक साथ बैठकर विधि-विधान से पूजन करते हुए नववर्ष में प्रवेश करता है। नवरात्र के रूप में लगातार 9 दिन तक पूजा- उपासना के माध्यम से व्यक्ति और समाज आत्मिक, मानसिक और शारीरिक शक्ति, शांति व स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना करते हैं।

महत्वपूर्ण यह है कि नववर्ष का यह उत्सव महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु में उगादी, कश्मीर में नवरेह, सिंधी समुदाय में चेटीचंड, पंजाब में बैसाखी, केरल में विशु, पश्चिम बंगाल में पोइला बोइशाख तो मणिपुर में सजिबु चेराओबा आदि भिन्न-भिन्न नामों से सभी प्रदेशों में मनाया जाता है। इस दिन घरों की साफ सफाई, साज सज्जा, फल, फूल, मिष्ठान आदि से पूजन की परंपरा अनादि है। भारतीय नववर्ष का यह आरंभ सभी के कल्याण की कामना करते हुए चहुंओर उत्सवधर्मिता का संचार करता है।




इस बार 30 मार्च 2025 से भारतीय नववर्ष यानी विक्रम संवत् 2082 आरंभ हो रहा है। वैदिक पंचांग के अनुसार नवसंवत्सर से नववर्ष का आरंभ होता है। मान्यता है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की सर्जना की थी। यह भी सर्वविदित है कि भारतवर्ष में अनादि काल से सूर्य और चंद्रमा की गति के अनुसार काल गणना होती रही है। लोक और महान-गरीय जीवन में आज भी शुभ-अशुभ अनेक अवसरों पर इसी गणना के अनुसार मुहूर्त आदि का विचार किया जाता है। भारतीय मनीषियों द्वारा की गई उक्त काल गणना वैज्ञानिक है इसलिए अनेक कसौटियों पर पूर्णतया खरी उतरती है। प्रत्येक दिन एवं महीने का नाम किसी न किसी विशेषता से जुड़कर उसे वैज्ञानिक और तार्किक बनाता है।

इसके विपरीत अंग्रेजी कैलेंडर में दिन व महीनों के नाम वैज्ञानिकता की कसौटी पर खरे नहीं उतर पाते। यह भी सर्वविदित है कि भारत सहित दुनिया के कई देश यूरोपीय उपनिवेश का हिस्सा रहे, इसलिए ग्रेगोरियन कैलेंडर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई। हम पाते हैं कि अंग्रेजी अथवा ग्रेगोरियन कैलेंडर में सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण एवं अन्य खगोलीय घटनाओं का कोई संकेत नहीं मिलता, जबकि विक्रम संवत् से की गई गणना में पहले ही यह पता चल जाता है कि आमुख दिन ग्रहण होगा अथवा ग्रह नक्षत्रों की स्थिति क्या रहेगी। आज भी दुनिया के अनेक देशों में 01 जनवरी को नया साल मनाने का चलन है। इससे कई दिन पहले ही अनेक देशों एवं महानगरों में बड़े आयोजनों की तैयारी होने लगती है। भारत में भी कुछ स्थानों पर ऐसे आयोजनों के समाचार देखने सुनने को मिलते हैं। कुछ लोग ऐसे आयोजनों में महंगे टिकट लेकर भागीदारी करते हैं। नए साल के नाम पर कुछ स्थानों पर रातभर गाना-बजाना एवं शराब, गांजा, चरस जैसे नशों का सेवन बढ़ता जा रहा है। उस मस्ती में न कोई तर्क है और न ही उस नए साल में कोई नयापन।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर आरंभ होने वाला नववर्ष केवल अंकों की गणनाओं की दृष्टि से ही नया नहीं है अपितु इस अवसर पर संपूर्ण प्रकृति-पर्यावरण नवीनता को अंगीकार करते हुए नवसंवत्सर के आगमन का उत्सव मनाते प्रतीत होते हैं। नवसंवत्सर की प्रथम ऋतु के रूप में ऋतुराज बसंत का आगमन होता है, जिसे मधुमास के रूप में भी जाना जाता है। मूल रूप में तो यह मधु जीवन का सत्व और तत्व है, जिससे जीवन निरंतर गति पाता है। नववर्ष के अवसर पर नवरात्र जैसे दिव्य और भव्य आयोजन केवल भारतवर्ष में ही होते हैं अथवा जहां भारत की सनातन परंपराओं को मानने वाले लोग रहते हैं। पूजा-पाठ और सनातन परंपराओं को जानते समझते हुए नववर्ष का स्वागत करने की यह अनोखी परंपरा है। अपने एक लेख में श्रीरामकिंकर विचार मिशन के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी मैथिलीशरण जी ने लिखा है- नया वर्ष पुराने पाठ को दोहराना नहीं है अपितु पुराने से सीखना है, अपने मूल स्वरूप को पकड़ना है, नववर्ष जागने, उठने, चलने और अपने स्वरूप में स्थित होते हुए लक्ष्य तक पहुंचने का अवसर है।

आज एक राष्ट्र के रूप में समूचा भारतवर्ष नवजागरण की प्रक्रिया से गुजर रहा है। भारतीय नववर्ष सनातन संस्कृति को समझते हुए समूची मानवता की सेवा एवं कल्याण के संकल्प का भी आवाह्न करता है। यह अतीत व सनातन परंपरा से प्रेरणा लेकर वर्तमान की योजना बनाने एवं भविष्य के चिंतन हेतु भी नव ऊर्जा का संचार करता है। हाल ही में परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती जी ने अपने एक वक्तव्य में कहा कि- नववर्ष मौज, मस्ती, हंगामें अथवा शोर शराबे का अवसर नहीं होता है अपितु यह नव संकल्पों का अवसर होता है क्योंकि ये नव संकल्प ही नव उत्कर्ष प्रदान करते हैं।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होने वाला भारतीय नववर्ष प्रकृति-पर्यावरण की रक्षा का संकल्प बने, जल स्रोतों के संरक्षण-संवर्धन का संकल्प बने, इस नववर्ष के अवसर पर हम एक दूसरे की पूजा पद्धति एवं मान्यताओं का सम्मान करें, समाज में समरसता की स्थापना हो एवं जन-जन की भागीदारी से विकसित भारत सभी का संकल्प बने, ऐसी कामना है। आप सभी को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होने वाले भारतीय नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

-किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

# रानी सुमित्रा का त्याग

**रामायण कथा**

ए.पी. भारती

अयोध्या नरेश दशरथ की तीन रानियां थीं पर संतान एक भी न हुई। एक दिन दशरथ श्रृंगी ऋषि के आश्रम में उनसे संतान की याचना करने गये। ऋषि श्रृंगी दशरथ और उनके पुरखों के त्याग, बलिदान, संघर्ष और समर्पण से प्रभावित थे। उन्होंने प्रसन्नता से कहा, 'राजन, आप चिंतित न हों। आप संतान का सुख अवश्य पाएंगे। बस, एक यज्ञ करना होगा।'

ऋषि ने उन्हें दिन-तिथि बताकर यज्ञ की तैयारियां करने का निर्देश देकर आश्रम से विदा किया। निर्धारित तिथि को ऋषि अयोध्या गये और विधि विधान से यज्ञ किया। यज्ञ के बाद श्रृंगी ऋषि ने दो खीर के पात्रा अयोध्या नरेश को दिए और कहा, 'एक-एक रानी को एक-एक पात्रा दे दें।

उनसे आपको एक-एक पुत्रा रत्न प्राप्त होगा।'

उस समय तीनों रानियां, दरबारी और अन्य विशिष्टजन उपस्थित थे। राजा के समक्ष कठिन समस्या उत्पन्न हो गई बोले, 'एक समस्या पैदा हो गई ऋषिवर। रानियां हैं तीन और प्रसाद के पात्रा दो। अब किस एक रानी को न दूं, यह मैं तय नहीं कर पा रहा हूं। मेरे लिए तो तीनों ही रानियां बराबर हैं। हम चारों को एक दूसरे से असीम लगाव है।'

सचमुच यह कठिन परीक्षा की घड़ी थी। लोग कभी ऋषि को देखते तो कभी दशरथ को। कुछ क्षण सन्नाटे की सी स्थिति रही। सन्नाटे को तोड़ा वरिष्ठता क्रम में सबसे छोटी रानी सुमित्रा ने। उन्होंने कहा, 'राजन, यह तो कोई समस्या नहीं है। रानी कौशल्या सबसे बड़ी हैं। एक पात्रा उनका और दूसरा मंझली रानी कैकेई का होता है। आप एक-एक प्रसाद पात्रा दोनों को दे दें।

सुमित्रा के इस कथन पर सभी चौंके। दशरथ बोले-पर सुमित्रा तुम्हारा क्या होगा? तुम्हारा भी तो बराबर का हक है। मैं तुम्हें भी तो इन्हीं के समान चाहता हूं।

सुमित्रा ने कहा, 'जानती हूं महाराज, लेकिन मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि संतान को जन्म मैं देती हूं या मुझसे बड़ी रानियां। मेरा उन संतानों से उतना ही स्नेह होगा जितना मुझे अपनी से होता। मुझे कभी इस बात का दुख न होगा कि संतान को जन्म मैंने न दिया।'

सुमित्रा की बात पर सभी वाह-वाह कर उठे। श्रृंगी ऋषि इतने प्रभावित हुए कि बोले, 'मैं रानी सुमित्रा के त्याग से आश्चर्यचकित हूं। इस त्याग के फलस्वरूप उन्हें एक नहीं, दो-दो संतानें होंगी। महाराज आप दोनों पात्रों से थोड़ा-थोड़ा प्रसाद रानी सुमित्रा को दें।

रानी कौशल्या और कैकेयी सुमित्रा के त्याग पर अभिभूत हुईं पर उन्हें यह भी दुख हुआ कि सुमित्रा जैसे त्याग का विचार उनके मन में क्यों नहीं आया। सुमित्रा ने त्याग कर महानता प्राप्त की मगर वे दोनों उससे वंचित रह गयीं। (उर्वशी)

# मिल जुल कर ही महकता है दांपत्य



नीतू गुप्ता

बच्चों के युवा होने पर मां-बाप का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाकर उन्हें उनके पसंद के क्षेत्रा में स्थापित करना कठिन होता जा रहा है।

कुछ वर्ष पूर्व तक तो पुत्रा पिता के कारोबार में हाथ बंटाते थे और अधिक संतान होने पर कोई बच्चा नौकरी हेतु शहर में जा बसता था। अधिकतर बेटियां थोड़ी बहुत शिक्षा लेने के बाद मां का हाथ घर के कामों में बंटाती थीं। कुछ मात्रा में शहरी लड़कियां पढ़ लिख कर अध्यापिका, नर्स आदि बन जाती थीं। युवा होते ही मां बाप भी बच्चों के शादी विवाह हेतु चिन्तित हो जाते और रिश्ते देखने शुरू कर देते।

अब समय की मांग के अनुसार कम बच्चों के युग में मां बाप बच्चों की इच्छा का पूरा ध्यान रखते हैं और उनके विकास में कम से कम बाधा डालते हैं परन्तु वैवाहिक समारोह तो अब भी होते हैं। अन्तर इतना है कि कुछ बच्चे अपने लिए अपनी पसंद का जीवनसाथी स्वयं ढूंढ लेते हैं, कुछ के रिश्ते अभी भी मां-बाप या सगे संबंधी करवाते हैं।

जोड़ियां तो ऊपर वाला पहले से तय करता है परन्तु समारोह पृथ्वी पर परिवारजनों के बीच में होता है। जब वैवाहिक सूत्रा में बंध ही गए हैं तो उसे सफल बनाना पति-पत्नी पर ही निर्भर करता है। परिवार के सदस्यों का योगदान तो बहुत कम होता है। इस प्रकार यदि दोनों अपनी जिम्मेदारियों को सही रूप देते रहें तो यह बगिया हमेशा महकती रहेगी।

**दोषारोपण न करें:-** कुछ गलतफहमी होने पर एक दूसरे को दोष न दें। स्पष्ट रूप से मामले पर पुनः सोचें और दोष दूर करने का प्रयास करें। पति पत्नी गाड़ी के एक समान दो पहिए हैं। यदि एक पहिया दूसरे से अपने को श्रेष्ठ समझेगा तो गाड़ी का चलना मुश्किल हो जायेगा। गाड़ी को बिना धक्के के चलाने हेतु एक दूसरे पर हावी होने का विचार जहन से निकाल दें।

एक दूसरे की भावनाओं को समझने का पूरा प्रयास करें। एक दूसरे को मानसिक चोट कभी न पहुंचाएं। दोनों तरफ के परिवारों को बराबर सम्मान दें। माता-पिता, भाई-बहन तो एक सा रिश्ता लिए हुए हैं, इसलिए सम्मान में असमानता क्यों? परिवार के सगे संबधियों को भी सम्मान दें। दोनों के सहयोग से ही परिवार सही चलता है। इस प्रकार पति-पत्नी को मिल कर सहयोग देना चाहिए।

**झगड़ों से बचें:-** छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करें। यदि पति को किसी समय अधिक क्रोध आ रहा है तो बहस न करें। शान्त होने पर मामले पर विचार करें। पत्नी के क्रोधित होने पर पति का शांत रहना परिवार के हित में है। एक दूसरे से, परिवार वालों से, सगे संबंधी और मित्रों के साथ मीठा बोलें। कटु वाणी से संबंध खराब होते हैं।

**अपेक्षाएं:-** एक दूसरे से कम अपेक्षाएं रखें क्योंकि जहां अधिक अपेक्षाएं होती हैं, वहां इंसान अपेक्षा पूरी न होने पर खीजता रहता है जिससे परिवार का वातावरण खराब होता है। समय की मांग के अनुसार पति या पत्नी को अपनी सोच के दायरे को भी बदलना पड़ता है। पारिवारिक, आंतरिक और बाह्य जिम्मेदारियों को मिल बांट कर निभाएं क्योंकि एक पार्टनर सभी जिम्मेदारियों के बोझ को नहीं ढो सकता।

**मित्रावत व्यवहार:-** एक-दूसरे के प्रति दोस्ताना व्यवहार अपनाएं। पहले समय में पति स्वयं को श्रेष्ठ मानते थे परन्तु अब श्रेष्ठता का आपसी रिश्तों में स्थान न के बराबर है। इस प्रकार पति पत्नी मित्रा बन कर रहना पसंद करते हैं।

एक दूसरे की शारीरिक भूख मिटाना पति पत्नी का फर्ज है। यदि एक दूसरे की इच्छाओं और जरूरतों पर ध्यान रखेंगे तो भटकाव की स्थिति नहीं आती।

एक दूसरे को हर समय घर पर 'तुमने यह ठीक नहीं किया', 'तुम यहां पर नहीं जाओगे', या 'इतने बजे तक तुम्हें घर पहुंचना ही है', आदि बेमतलब के अंकुश एक दूसरे पर न लगायें। घर का वातावरण तरोताजा रखने का प्रयास करें। एक दूसरे की इच्छाओं पर ध्यान दें। बीच बीच में पति बच्चों की सहायता से पत्नी को आराम दे और शापिंग पर भेजें जिससे उनके घर में बैठने और घर वापिस जाने की इच्छा बनी रहे।

हर इंसान अपना महत्त्व लिए होता है। कुछ ऐसा करते रहें कि दूसरे को अपना महत्त्व महसूस होता रहे और वह स्वयं को महत्त्वहीन महसूस न करें। पति-पत्नी इकट्ठे रहने पर किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस न करें। कोई भी आपत्ति या दुःख मिल कर सहने की क्षमता रखें। पत्नी यदि कुछ अलग विचार रखती है तो उसे दबा कर, मार पीट कर असुरक्षित न बनायें। प्यार मोहब्बत से सभी काम आसान हो जाते हैं।

पुरूष प्रधान समाज होने के नाते पति की श्रेष्ठता को बरकरार रखें। इसी से उनको संतुष्टि मिलती है।

सगे संबंधी या मित्रों की बातों में आकर मन विचलित न करें। यदि किसी एक पार्टनर में कुछ कमी है तो मिलकर उसका हल निकालें और लोगों की बातों को अधिक महत्त्व न देकर अपनी परिस्थितियों से मिलकर लड़ाई करें। (उर्वशी)

# बच्चे को भी रखें साफ-सफाई के प्रति जागरूक

शिखा चौधरी

दीपा की शादी हुई और वह ससुराल आ गई। धीरे-धीरे उसने घर के सभी कामों में अपनी सास का हाथ बंटाना शुरू कर दिया। वह रसोई, कपड़े धोने आदि सभी काम करने लगी। वह सब्जी बगैर धोए ही काट देती। चावल वगैरह चम्मचों से डालने के बजाय हाथ से ही प्लेट में डाल देती। गैस साफ करने वाले कपड़े से ही बरतन पोंछकर खाना परोस देती है।

एक दिन वह कूड़ेदान में कूड़ा डालने के बाद आकर रसोई में रोटियां बेलने लगी। उसकी सास ने तुरंत टोक दिया। दीपा ने कहा कि ऐसा करने की ही आदत है। उसकी मां भी हमेशा ऐसा ही करती रही है। जब रोटियां सिकेंगी तो अपने आप ही कीटाणु मर जायेंगे। हर समय हाथ धोने की क्या जरूरत?

जिन हाथों से वह बर्तन साफ करती, उन हाथों से ही पीने का पानी भरकर दे देती। खाने-पीने की चीजों को ढक कर नहीं रखती। खाना इतना बना देती कि वह दूसरे समय भी सबको खाना पड़ता था। उसकी लापरवाही का असर परिवार के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा। अक्सर पढ़ी-लिखी महिलाएं जब स्वच्छता एवं सफाई के प्रति इतनी लापरवाही दिखाती हैं तो बड़ा सोचनीय लगता है किंतु ऐसी महिलाओं की हमारे समाज में कमी नहीं है। वे साफ-सफाई के महत्त्व को जानते हुए भी उसे अपने



जीवन में अपनाती नहीं हैं।

दरअसल जब बच्चा छोटा होता है तो वह अपने माता पिता एवं बड़ों के अनुकरण से ही सीखना शुरू करता है। किसी भी बच्चे पर उसके मां के संस्कारों का सबसे ज्यादा प्रभाव होता है। उसी से बच्चे काफी कुछ सीखते हैं। परिवार के बाकी सदस्य भी साफ सफाई के तौर तरीके उनसे सीख लेते हैं। बस जरूरी है घर में साफ सफाई के प्रति सभी को जागरूक बनाने की।

संध्या जब शादी करके नई नई ससुराल आई तो वह अपने पति की आदतों से बड़ी दुखी हुई। उसका पति महीनों एक ही टावेल का इस्तेमाल करते। बिस्तर, चादर कुछ भी महीनों तक नहीं बदलते। सास बर्तनों को साबुन लगाने से पहले धोती नहीं थी बल्कि जूठे गंदे बर्तनों में ऐसे ही साबुन मार देती। बर्तन पोंछने वाले कपड़े से ही गैस स्टोव पोंछ देती। संध्या को बहुत बुरा लगता। उसने अपने मायके में हर काम में सफाई सीखी थी। उसने सीखा था कि टावेल प्रत्येक दिन धुलना चाहिए। बिछौने एवं ओढ़ने के कपड़े भी प्रत्येक सप्ताह धुलने चाहिएं। आखिर उसने साफ सफाई के प्रति अपने बच्चों को तो जागरूक बना ही दिया। देखा देखी परिवार के बाकी सदस्य भी सफाई के प्रति जागरूक हो गये।

उसकी दस साल की बेटी बाजार से आई सभी सब्जियों को धोकर फ्रिज में रख देती है तो बेटा कूड़ा कूडेद़ान में डालकर साबुन से हाथ धोता है। घर में पहनने की चप्पल और हैं और टायलट में पहनने के लिए अलग चप्पल हैं। रसोईघर में कोई चप्पल लेकर नहीं घुसता। बच्चे खाना प्लेट में उतना ही लेते हैं जितना कि उन्हें खाना है। प्लेट में जूठन छोड़ना सख्त मना है। किचन की सिंक में प्लेट साफ करके रखते हैं जिससे नाली न रूके और काकरोच वगैरह न पनपें।

अपने बच्चों को मां जैसी आदत डालेगी, वे वैसे ही बनेंगे। सुबह उठकर कुल्ला करने और मुंह धोने के बाद ही उन्हें चाय लेने की आदत डालें। सवेरे ही टूथब्रश करके अच्छे साबुन से नहाने की आदत डालें। रात को सोने से पहले ब्रश करने की आदत भी मां ही डाले।

ब्रश महीना भर बाद बदलते रहें। इससे आपका बच्चा स्वस्थ रहेगा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी बनेगा। वह अपने ब्रश, टावेल आदि के पुराने होने पर आपसे खुद व खुद शिकायत करेगा। बच्चे यदि स्वयं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे तो आपकी चिंताएं भी कम होंगी। (उर्वशी)

# खूबसूरत व स्वस्थ पैर मांगते हैं देखभाल

सोनी मल्होत्रा

जब सौंदर्य व सफाई की बात आती है तो हमारे शरीर का सबसे महत्त्वपूर्ण भाग पैर ही लापरवाही का शिकार होते हैं क्योंकि इनकी देखभाल की तरफ सबसे कम ध्यान दिया जाता है। पैर सुबह से रात तक हमारा भार उठाए घूमते हैं पर हम उनके साथ बेरूखी बरतते हैं। शरीर के अन्य भागों की तरह इनकी नियमित देखभाल बहुत आवश्यक है। आइए जानें कैसे इन्हें साफ व सुन्दर रखा जाए:-

सारा दिन हमारे पैर जूतों, सैंडिल में ढके रहते हैं इसलिए इन्हें अच्छी तरह सफाई की आवश्यकता होती है। इन्हें अच्छी तरह स्क्रब करें। पैरों को नहाते समय प्यूमिक स्टोन से रगड़ कर साफ करें। इससे मृत त्वचा की परत भी पैरों से साफ होगी। पैरों को तौलिए से साफ करते समय यह भी ध्यान रखें कि पैरों की उंगलियों के बीच में नमी न रहे, इसलिए इनको साफ करने के पश्चात् इनमें टेलकम पाउडर डालें। टेलकम पाउडर जुराबों व जूतों के अन्दर भी छिड़कें क्योंकि अगर ये नमी रहित रहेंगे तो पैरों के रोग होने की संभावना बनी रहेगी।

◆ पैरों की त्वचा को रूखेपन से सुरक्षा देने के लिए नहाने के पश्चात पैरों पर माइश्चराइजर या बॉडी लोशन का प्रयोग करें।
◆ पैरों के नाखूनों को बहुत अधिक लंबा न रखें। उन्हें आयताकार शेप दें।
◆ वैसे तो आजकल ऊंची एड़ी का फैशन है पर आर्थोपेडिक विशेषज्ञों के अनुसार ऊंची एड़ी कम से कम पहननी चाहिए और अगर पहनें भी तो ढाई इंच से अधिक नहीं। विशेषज्ञों के अनुसार ऊंची एड़ी के सैंडिल डालने से पैरों की मांसपेशियों पर बुरा असर पड़ता है।
◆ घर पर आप खुली चप्पल या सिर्फ जुराबें पहनें। इससे पैरों को आराम मिलेगा।
◆ अपनी जुराबों को प्रतिदिन नहीं तो तीसरे दिन अवश्य बदलें।

पैरों की देखभाल में सबसे महत्त्वपूर्ण है आपके द्वारा जूतों का चयन। अगर आपने सही नाप के जूते पहने हैं और वे आरामदेह हैं तो आप पैरों की कई समस्याओं से बच सकते हैं पर जूते खरीदते समय यदि उसके बाहरी लुक्स पर ध्यान देते हैं और जब जूते आरामदेह नहीं होते तो बाहर से वे कितने भी सुन्दर लगे, आप उन्हें पहन नहीं पाएंगे। जूते खरीदते समय कुछ सावधानी बरतें।

◆ जूते का अगला भाग आपके पैर के पंजे से चौड़ा होना चाहिए। जूते के अगले भाग को दबा कर देखें कहीं आपकी पैरों की उंगलियों में कसाव तो नहीं आ रहा। आपका पैर आगे से दब तो नहीं रहा।
◆ जल्दबाजी में जूते कभी न खरीदें। जूते पहन कर चल कर देखें। आपके जूते आरामदेह होने चाहिए क्योंकि आपने उसे पहन कर पूरा दिन घूमना होता है।
◆ जूते सही नाप के हो, इसके लिए ध्यान रखें कि जूते खरीदने सदैव शाम को जाएं जब आपके पैरों में थकान के कारण खिंचाव व सूजन हो। जूते की लंबाई आपके पैर से 1/2 इंच अधिक अवश्य होनी चाहिए।
◆ जूते का अगला भाग नरम व लचीला होना चाहिए।
◆ पैरों की समस्याओं में सबसे बड़ी समस्या है एड़ियों का फटना। इसके लिए पैरों की एड़ियों पर वैसलीन लगाएं। इसके अतिरिक्त चीनी लेकर इन पर रगड़ें। इससे भी आपको आराम मिलेगा।
◆ अगर आपके पैर हमेशा थके-थके से रहते हैं तो आप काम से लौटने के पश्चात् अपने पैरों के नीचे दो तकिए रख कर लेट जाएं। 15-20 मिनट ऐसे लेटे रहें। इससे आप थकान से राहत अनुभव करेंगे। पैरों के थके रहने का कारण आपका अधिक वजन भी हो सकता है क्योंकि आपके पैरों को अधिक भार उठाना पड़ रहा है इसलिए अपने पैरों के स्वास्थ्य व सौंदर्य के लिए अपना वजन नियंत्राण में रखें।
◆ सप्ताह में एक बार पेडिक्योर करें। पेडिक्योर आपके पैरों के सौंदर्य को बढ़ाता है।
◆ सर्वप्रथम अपने पैरों के नाखूनों को साफ करें। उन पर लगी पॉलिश को रिमूवर की सहायता से उतारें। फिर नाखूनों को नेल क्लिपर से काटें और सही आकार दें। इसके लिए आप एमरी बोर्ड लें।
◆ अब पैरों को 15-20 मिनट तक हल्के गुनगुने पानी में डुबोए रखें। इसके लिए आप चौड़ा टब लें। उसमें कुछ बूंदें शैम्पू की मिलाएं। 15 मिनट तक पैरों को इस पानी में डुबोए रखें। फिर इन्हें नरम ब्रश से साफ करें। एड़ियों पर प्यूमिक स्टोन रगड़ें। फिर उन्हें तौलिए से साफ करें।
◆ अब किसी क्रीम की सहायता से पैरों की मसाज करें। अगर त्वचा कड़ी है तो स्क्रब करें। पैरों को फिर से गुनगुने पानी में डुबोएं। फिर साफ पानी में साफ करें।
◆ तौलिए से इन्हें अच्छी तरह पोंछें। पैरों पर माश्चराइजर लगाएं। थोड़ी सी रुई लेकर नाखूनों पर से माश्चराइजर साफ कर लें। इससे नेल पॉलिश लगाने में आसानी रहेगी। पहले बेस कोट लगाएं। यह सूखने पर दो कोट और लगाएं। नेल पालिश सही प्रकार से लगे, इसके लिए पैरों की उंगलियों के बीच में कॉटन रख लें। (उर्वशी)



# रेसिपी कार्नर — रायता




गर्मियों में हर कोई लू और धूप से परेशान होता है। ऐसे में लोगों का मन मसालेदार खाने से हटकर कुछ ऐसा खाने पीने का करता है, जिससे उनका पेट ठंडा रहे और उन्हें अपच और गैस जैसी दिक्कतें भी न हो। बिरयानी और मसालेदार खाने के साथ रायता का कॉम्बिनेशन बहुत ही पुराना है। हालांकि, इसका ट्रेंड गर्मियों में काफी ज्यादा बढ़ भी जाता है। गर्मी के मौसम में ठंडा-ठंडा रायता खाने का मजा ही कुछ और होता है। न सिर्फ यह स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि शरीर को ठंडक भी देता है और हाइड्रेटेड रखता है।

रायता में मौजूद दही में प्रोबायोटिक्स डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और पेट को हल्का रखते हैं। आज की इस खबर में हम आपको हेल्दी और टेस्टी रायते बनाने की आसान रेसिपी बताते हैं, जो गर्मी में आपके खाने को और लजीज और मजेदार बना देगी।

### 1. बूंदी रायता

बूंदी का रायता झटपट और काफी आसानी से बन जाता है। यह रायता खाने में हल्का और मसालों से भरपूर होता है। बूंदी का मिक्सचर इसे और स्वादिष्ट बना देता है। बूंदी के रायते के लिए आपको काफी सामग्री की जरूरत भी नहीं होती है। इसके लिए आपको 1 कप दही और आधा कप बूंदी की जरूरत होती है। इन दोनों को मिलाकर इसमें आधा छोटा चम्मच जीरा पाउडर मिक्स कर दीजिए और आधा चम्मच नमक, लाल मिर्च और



आधा चम्मच काला नमक मिला दीजिए फिर इसे खान के साथ परोस लें।

### 2. खीरा रायता

खीरा और दही की जोड़ी गर्मी में शरीर को इंस्टेंट ठंडक पहुंचाती है। यह रायता हेल्दी और हाइड्रेटिंग होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले अच्छे से दही फेंट लेनी है। फिर खीरे को अच्छे से कद्दूकस भी कर लेना है। दही में खीरा मिला दें और नमक सहित सारे मसाले भी डाल दें। फिर इसको गार्निश करने के लिए ऊपर से धनिया मिला दें और फिर फ्रिज में ठंडा कर लें। इसे खाकर आपका दिन बन जाएगा।

### 3. पुदीना रायता

गर्मी में पुदीना का ट्रेंड काफी रहता है। पुदीने का रायता हर कोई बहुत ही चाव से भी खाता है। इसकी रेसिपी भी काफी आसान होती है। पुदीने का रायता बनाने के लिए सबसे पहले आप पुदीना की कुछ पत्तियां ले लीजिए फिर इसे पीस लीजिए। दही को अच्छी तरह से फेंट कर उसमें काला नमक और चीनी मिला लीजिए। इसमें सब कुछ अच्छे से मिलाकर इसे फ्रिज में रख दीजिए और फिर ठंडा-ठंडा परोस लीजिए।

### 4. अनार रायता

गर्मियों में यह रायता भी काफी पसंद किया जाता है। अनार के जूसी दाने इस रायते को अलग ही लेवल पर ले जाते हैं। यह हेल्दी होने के साथ-साथ बेहद स्वादिष्ट भी होता है। इस रायता को बनाने के लिए आपको सबसे पहले अच्छे से दही को फेंट लेना है और अच्छे से स्मूद भी कर लेना है। फिर इसमें कुछ अनार के दाने मिला लें और कुछ मसाले भी मिला लें। इसे हल्के हाथों से मिक्स कर लें और ठंडा ही सर्व भी कर लें। यह हर किसी को बहुत पसंद आएगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### हिंदू दुकानदार के मस्जिद जाने से लोगों में आक्रोश, 'शुद्धिकरण' की मांग

**अलीगढ़ :** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक हिंदू दुकानदार के स्थानीय मस्जिद में शाम की नमाज में अपने मुस्लिम पड़ोसियों के साथ शामिल होने के बाद विवाद छिड़ गया और हिंदूवादी समूहों ने उसके औपचारिक 'शुद्धिकरण' की मांग की। अलीगढ़ के मामू भांजा इलाके में सुनील राजानी नाम का एक दुकानदार शाम को नमाज के लिए अपने मुस्लिम पड़ोसियों के साथ शामिल हुआ। रोजा खोलने के बाद युवक के इस कृत्य का किसी ने वीडियो बनाया, जो कुछ ही देर में वायरल हो गया और इसके बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (भाजयुमो) के एक स्थानीय नेता मोनू अग्रवाल ने पत्रकारों से कहा कि सुनील को न केवल अपने कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए बल्कि शहर के बाहरी इलाके में स्थित प्रसिद्ध 'खीरेश्वर मंदिर' में शुद्धिकरण भी करवाना चाहिए, जिसके बाद ही उसे अपनी इलेक्ट्रिक सामान बेचने वाली दुकान खोलने की अनुमति दी जाएगी।

### वायुसेना के सिविल इंजीनियर की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाने के एयरफोर्स कॉलोनी में शनिवार की सुबह वायुसेना के सिविल इंजीनियर एस एन मिश्रा (51) की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गयी जब वह अपने कमरे में सो रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। पूरामुफ्ती थाने के प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि शनिवार को भोर में भारतीय वायु सेना के सिविल इंजीनियर एस एन मिश्रा अपने कमरे में सो रहे थे, तभी खिड़की से अज्ञात व्यक्ति ने उन पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि गोली उनके सीने में लगी और उन्हें सेना के अस्पताल में ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### परीक्षा देने से रोकने पर नौवीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या की

**प्रतापगढ़ :** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में शनिवार को प्रवेश पत्र ना मिलने के कारण निराश नौवीं कक्षा की छात्रा ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि घटना मांधाता थानाक्षेत्र के पितईपुर गांव में हुई।अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि पितईपुर की रहने वाली पूनम देवी ने शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी बेटी रिया प्रजापति (17) 'कमला शरण यादव इंटर कॉलेज' की नौवीं कक्षा की छात्रा थी और बकाया फीस न चुका पाने के कारण उसे प्रवेश पत्र नहीं दिया गया। शिकायत के मुताबिक, स्कूल के प्रबंधक संतोष कुमार यादव, दीपक सरोज, प्रधानाचार्य राजकुमार यादव, चपरासी धनीराम और अज्ञात शिक्षक ने छात्रा को परीक्षा में बैठने नहीं देने और विद्यालय परिसर में अपमानित कर उसका भविष्य खराब करने की धमकी दी थी, जिससे निराश होकर उनकी बेटी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# योगी ने धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस बिक्री पर प्रतिबंध का आदेश दिया



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और नगर आयुक्तों को बूचड़खानों को तत्काल बंद करने और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए हैं।सरकार ने 2014 और 2017 में जारी आदेशों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि अवैध बूचड़खानों और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होगी।बयान में बताया गया कि इस फैसले को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है।बयान के मुताबिक, इन समितियों में पुलिस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पशुपालन विभाग, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे।बयान में बताया गया कि छह अप्रैल 2025 को राम नवमी के दिन विशेष रूप से प्रतिबंध लागू होगा और इस दिन मांस की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी।'यूपी नगर निगम अधिनियम 1959' और 'खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 एवं 2011' के प्रावधानों के तहत सरकार ने अधिकारियों को उल्लंघन करने वालों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### उत्तर प्रदेश: युवक ने बड़े भाई की मंगेतर का अपहरण किया, मामला दर्ज

**भदोही :** उत्तर प्रदेश के भदोही में 22 वर्षीय युवती को उसके मंगेतर के छोटे भाई ने कथित तौर पर अगवा कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि शादी मई में होनी थी।पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को युवती की मां गीता देवी की शिकायत के आधार पर कोइरौना थाने में अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया। भदोही के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया, गीता देवी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उनकी बेटी 24 मार्च को आभूषण और नकदी के साथ लापता पाई गई।उन्होंने बताया कि युवती का कथित तौर पर अपहरण योगेश के छोटे भाई राजा ने किया।युवती की योगेश से सगाई हुई थी।मांगलिक ने

## राजस्थान: आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगवाने के लिए दो लोग गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में पुलिस ने आईपीएल के मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगवा रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को गिरफ्तार किये गये लोगों के पास से जब्त रजिस्टरों में सात करोड़ रुपये का हिसाब मिला है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही आरोपियों के पास से 16 मोबाइल, एक लैपटॉप, स्कैनर, सात रजिस्टर, चेक बुक और चार एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि कपासन थाना और साइबर थाना पुलिस टीम ने कपासन कस्बे में ऋषि बारेगामा उर्फ कालू के घर पर दबिश दी, जहां ऋषि और उसका साथी शौकीन जाट आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवा रहा था।पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने गिरोह के मास्टरमाइंड बालमुकुन्द ईनाणी, जीवन वैष्णव और इकबाल टोपी की मास्टर आईडी से 'क्लाइंट आईडी' व पासवर्ड बना रखे है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने तीन बैटिंग वेबसाइट पर ग्राहकों को आईडी पासवर्ड दे रखे हैं और ये अपनी 'क्लाइंट आईडी' से मोबाइल में ऐप पर द्वारा दोनों लाइव मैचों मे सट्टा लगवाते हुए मिले।

## केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की



**पटना :** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख अठावले ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सुप्रीमो से पटना स्थित उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की।ऐसा माना जा रहा है कि अठावले ने महाबोधि मंदिर परिसर को नियंत्रित करने वाले ट्रस्ट पर बौद्धों को पूर्ण नियंत्रण न दिए जाने के मुद्दे को उठाया होगा। अठावले एक दिन पहले बोधगया गए थे, जहां यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल महाबोधि मंदिर स्थित है। दलित नेता ने 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में महाबोधि मंदिर अधिनियम को खत्म करने की मांग का समर्थन किया।इस अधिनियम के अनुसार, ट्रस्ट में हिंदू और बौद्ध समुदायों के चार-चार सदस्य होंगे तथा गया के जिलाधिकारी पदेन अध्यक्ष होंगे। उल्लेखनीय है कि महाबोधि मंदिर उस स्थान पर बना है, जहां लगभग 2,500 वर्ष पहले बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।अठावले ने इस मुद्दे पर आंदोलन कर रहे बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात की और 'महाबोधि मंदिर ट्रस्ट की मुक्ति' के लिए उनकी लड़ाई को समर्थन देने का वादा किया था।

## बिहार: बोर्ड की 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित, कुल 82.11 प्रतिशत विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण



**पटना :** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने 10वीं कक्षा के परिणाम शनिवार को घोषित कर दिये और इस वर्ष 82.11 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने यहां नतीजे घोषित करते हुए बताया, इस वर्ष कुल 82.11 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष 17 से 25 फरवरी के बीच आयोजित परीक्षा में कुल 15.85 लाख विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से कुल 12,79,294 छात्र-छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। करीब 83.65 प्रतिशत लड़के और 80.67 प्रतिशत लड़कियां परीक्षा में उत्तीर्ण हुईं।बीएसईबी द्वारा आयोजित 10वीं कक्षा की परीक्षा में इस वर्ष कुल उत्तीर्ण प्रतिशत में 2024 के मुकाबले मामूली गिरावट देखी गई।वर्ष 2025 में कुल 82.11 प्रतिशत बच्चे पास हुए जबकि 2024 में 82.91 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए थे। बीएसईबी के मुताबिक, साक्षी कुमारी, अंशु कुमारी और रंजन वर्मा ने 489 अंक (97.8 प्रतिशत) हासिल कर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया है।अध्यक्ष ने बताया कि इस परीक्षा में करीब 1,55,718 विद्यार्थी असफल रहे।उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों की 'कंपार्टमेंट' आई है उनके पास परीक्षा देने का विकल्प होगा।कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए पंजीकरण चार से 12 अप्रैल तक होगा। बीएसईबी के मुताबिक, इस परीक्षा में कुल 4,70,845 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल की है, जिनमें से 2,53,754 लड़के और 2,17,091 लड़कियां हैं।बीएसईबी ने बताया कि करीब 4,84,012 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी हासिल की, जिनमें से 2,29,958 लड़के और 2,54,054 लड़कियां हैं।बीएसईबी के मुताबिक, 3,077,92 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में रहे, जिनमें 1,38,144 लड़के और 1,69,648 लड़कियां शामिल हैं।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10वीं कक्षा के सभी सफल विद्यार्थियों को उनके परिणामों पर बधाई दी।

## पूर्व न्यायाधीश निर्मल यादव 2008 के घर के दरवाजे पर नकदी मिलने के मामले में बरी



**चंडीगढ़ :** न्यायाधीश के आवास के दरवाजे पर नकदी मिलने के मामले के 17 साल बाद यहां विशेष सीबीआई अदालत ने शनिवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) निर्मल यादव और चार अन्य को बरी कर दिया। इस मामले में, 13 अगस्त 2008 को उच्च न्यायालय की एक अन्य कार्यरत न्यायाधीश न्यायमूर्ति निर्मलजीत कौर के आवास पर कथित रूप से 15 लाख रुपये से भरा एक पैकेट गलत तरीके से पहुंचा दिया गया था। आरोप लगाया गया था कि यह नकदी न्यायमूर्ति निर्मल यादव को एक संपत्ति सौदे को प्रभावित करने के लिए रिश्वत के रूप में दी जानी थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष न्यायाधीश अलका मलिक की अदालत ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। बचाव पक्ष के वकील विशाल गर्ग नरवाना ने बताया कि अदालत ने पूर्व न्यायाधीश निर्मल यादव और चार अन्य को बरी कर दिया है। मामले में कुल पांच आरोपी थे, जिनमें से एक की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। नरवाना ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''आज अदालत ने मामले में फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) निर्मल यादव को बरी कर दिया गया है। उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए गए थे।'' अदालत ने बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में अंतिम दलीलें सुनी थीं और फैसला सुनाने के लिए 29 मार्च की तारीख तय की थी। इस मामले में हरियाणा के पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता संजीव बंसल, दिल्ली के होटल व्यवसायी रविंदर सिंह, व्यवसायी राजीव गुप्ता और एक अन्य व्यक्ति का नाम भी सामने आया था। आरोपियों में से एक संजीव बंसल की फरवरी 2017 में बीमारी से मौत हो गई थी।

## न्यूज अपडेट

### अमित शाह बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे



**पटना :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार देर शाम दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे जहां वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं से मुलाकात करेंगे और कुछ सार्वजनिक समारोहों को संबोधित करेंगे। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह का यहां हवाई अड्डे पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने स्वागत किया। राय ने शाह के आगमन से पहले संवाददाताओं से कहा, ''हम अमित शाह के बिहार दौरे को लेकर उत्साहित हैं, जिन्होंने वादा किया है कि अयोध्या के राम जन्मभूमि की तरह ही माता सीता का एक भव्य मंदिर हमारे राज्य में बनाया जाएगा।'' शाह पटना पहुंचने पर सीधे पार्टी कार्यालय पहुंचे। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के अनुसार शाह पार्टी विधायकों से बातचीत करेंगे, उसके बाद देर रात तक कोर कमेटी की बैठक होगी, जिसमें बिहार के केंद्रीय मंत्री और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। शाह रविवार को सहकारिता विभाग के एक समारोह को संबोधित करेंगे। शाह इसके बाद गोपालगंज जिले में एक रैली को संबोधित करने के लिए रवाना होंगे। बिहार भाजपा अध्यक्ष ने कहा, गोपालगंज से लौटने पर शाह राजग की एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री के आवास जाएंगे, उसके बाद वापसी की उड़ान भरेंगे।

### उत्तर प्रदेश: आश्रय गृह में दिव्यांग बच्चों की मौत के मामले में कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गये

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में स्थित एक आश्रय गृह में चार दिव्यांग बच्चों की मौत के मामले की जांच के लिए गठित समिति ने शनिवार को कर्मचारियों के बयान दर्ज किए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।दिव्यांग बच्चों की मौत के बाद आश्रय गृह के संचालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जिला, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा विभागों के अधिकारियों ने पारा क्षेत्र में 'निर्वाण राजकीय बाल गृह' का दौरा किया, जहां मुख्य रूप से अनाथ और मानसिक रूप से अस्वस्थ 147 बच्चे रहते हैं।जांच दल ने बच्चों की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए कर्मचारियों के बयान दर्ज किए। जिलाधिकारी विशाख जी. ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, समिति आश्रय गृह के कामकाज के हर उन पहलुओं की जांच करेगी, जो किसी भी तरह से सीधे या परोक्ष रूप से इस घटना का कारण बन सकता है।आश्रय गृह में मंगलवार और बुधवार को 12 से 17 वर्ष की आयु के चार बच्चों की मौत के बाद मामले की जांच शुरू की गई थी।

### हमें अपना नुकसान करके भी संस्थाओं के सम्मान को बचाना चाहिए : उप्र विधानसभा अध्यक्ष महाना



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शनिवार को कहा कि हमें अपना नुकसान करके भी संस्थाओं के सम्मान को बचाना चाहिए। महाना ने यहां विधान भवन में शनिवार को अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों से कहा कि संस्था का सम्मान बना रहेगा तो सभी का सम्मान बना रहेगा लेकिन अगर संस्था को क्षति पहुंची तो सभी नुकसान होगा। सतीश महाना को 29 मार्च 2022 में सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष चुना गया था। अध्यक्ष बनने के बाद महाना ने सदन में कई प्रमुख बदलाव किये। महाना ने विधानसभा को 'पेपरलेस' बनाने से लेकर सभी सदस्यों की सीट पर ही 'लैपटॉप' उपलब्ध कराने और भवन को आकर्षक बनाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाना ने इन्हीं संदर्भों को लेकर कहा कि पिछले तीन वर्षों में इस भवन को ही नहीं बल्कि इसकी आत्मा को भी जगाने का कार्य किया है। उन्होंने पांच भाषाओं अवधी, भोजपुरी, ब्रज, बुंदेली और अंग्रेजी में विधानसभा सत्र की कार्यवाही शुरु किये जाने की भी जानकारी दी। महाना ने पत्रकारों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रति तीन वर्षों में आम जनता में जो धारणा बनी है वह बिना आप सबके सहयोग से संभव नहीं था। उन्होंने अपने हाल के दिल्ली दौरे में लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समेत अनेक नेताओं से मुलाकात पर चर्चा करते हुए बताया कि सबने उत्तर प्रदेश के विधानसभा के बदलते स्वरूप और विधायिका की चर्चा की।महाना ने कहा कि सपा, कांग्रेस के लोगों ने भी विधानसभा के बदलते स्वरूप की चर्चा की।

### औरंगाबाद में तांत्रिक अनुष्ठान के तहत 65 वर्षीय एक व्यक्ति की बलि दी गयी

**औरंगाबाद (बिहार) :** बिहार के औरंगाबाद जिले में कथित तौर पर कुछ लोगों और एक तांत्रिक द्वारा 65 वर्षीय एक व्यक्ति की बलि दिये जाने और उसके धड़ को होलिका दहन की आग में जला दिये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अम्बरीश राहुल ने बताया, 13 मार्च को मदनपुर पुलिस को गुलाब बिगहा गांव के निवासी युगल यादव (65) की गुमशुदगी की शिकायत मिली थी। मामला दर्ज कर उनकी तलाश के लिए पुलिस ने एक विशेष जांच दल गठित किया। जांच के दौरान अधिकारियों को पड़ोसी गांव पूर्णाडीह गांव के समीप बंगरे गांव में होलिका दहन सामग्री से अपहृत व्यक्ति का हड्डियां मिलने की जानकारी मिली।'' उन्होंने कहा, ''अधिकारियों ने होलिका दहन वाले स्थान का निरीक्षण किया जहां उन्हें जली हुई मानव हड्डियां और उक्त अपहृत व्यक्ति का चप्पल बरामद हुआ तथा पास के पुलिया पर खून का निशान पाया गया। '' एसपी के अनुसार जांच-पड़ताल के दौरान पुलिस तांत्रिक रामाशीष रिकियासन के घर पर पहुंची लेकिन वह वहां नहीं मिला जिसके बाद उसके एक रिश्तेदार धर्मेन्द रिकियासन को थाना ले आयी। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक पूछताछ के दौरान धर्मेंद्र ने उक्त कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार की तथा उसके निशानदेही पर अपहृत व्यक्ति का साईकिल बरामद किया गया। बाद में आसपास के लोगों से भी पूछताछ किया गया तो पता चला कि युगल यादव का गर्दन काटकर धड़ को होलिका दहन में जला दिया गया है। धर्मेंद्र के बयान के आधार पर पुलिस ने पास के गेहूं के एक खेत से युगल यादव का कटा हुआ सिर बरामद किया। पुलिस ने घटना के सिलसिले में फरार तांत्रिक (रामाशीष रिकियासन) के रिश्तेदार धर्मेंद्र समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया है।

### बलिया में युवती की मौत का मामला: कांग्रेस ने न्यायिक जांच की मांग की

(खबर में बदलाव के साथ रिपीट)

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में करीब एक सप्ताह पहले पेड़ पर लटके मिले युवती के शव के मामले में प्रदेश की कानून व्यवस्था पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने न्यायिक जांच की मांग की। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान राय ने योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में जंगल राज फैला हुआ है।नगरा थानाक्षेत्र के सरयां गुलाब राय गांव में 20 वर्षीय युवती का शव जामुन के एक से लटका हुआ मिला था, जिसके बाद पुलिस हत्या और आत्महत्या के विवाद में उलझ गयी।पुलिस ने आत्महत्या का दावा किया जबकि परिवार ने हत्या का आरोप लगाया है।पुलिस के अनुसार, नगरा थानाक्षेत्र के सरयां गुलाब राय गांव में 23 मार्च को युवती का शव पेड़ से लटका होने की सूचना मिली थी।पुलिस ने बताया कि युवती की शिनाख्त पूजा चौहान (20) के रूप में हुई।राय शनिवार को सरयां गुलाब राय गांव पहुंचे और उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली।राय ने संवाददाताओं से कहा, बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के सरयां गुलाब राय गांव आया हूं। कुछ दिन पहले एक बच्ची की हत्या हो गयी। निश्चित रूप से यह हत्या है, आत्महत्या नहीं है।उन्होंने कहा, योगी जी की सरकार में पुलिस निरंकुश हो गई है।

# विदेश की खबरें

## ट्रंप ने भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के 'बहुत अच्छे परिणाम' मिलने की उम्मीद जताई, मोदी को बुद्धिमान बताया



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना 'अच्छा दोस्त' और 'बेहद बुद्धिमान व्यक्ति' करार देते हुये अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली व्यापार शुल्क वार्ता के 'बहुत अच्छे परिणाम' मिलने की उम्मीद जतायी। अमेरिकी सामानों पर भारत और अन्य देशों द्वारा लगाये गये उच्च शुल्क की ट्रंप की ओर से की जा रही लगातार आलोचनाओं के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति की हालिया टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा, ''प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी हाल ही में यहां आए थे और हम हमेशा से बहुत अच्छे मित्र रहे हैं।'' ट्रंप ने कहा, 'भारत दुनिया में सबसे ज़्यादा शुल्क वसूलने वाले देशों में से एक है। यह क्रूर है, यह क्रूर है। वे बहुत होशियार हैं। वह (मोदी) बहुत बुद्धिमान आदमी हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। मुझे लगता है कि भारत और हमारे देश के बीच सब कुछ बहुत अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा, 'और मैं कहना चाहता हूं कि आपके पास एक महान प्रधानमंत्री हैं।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी में वाशिंगटन डीसी का दौरा किया था और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बातचीत की थी। मोदी के दूसरे कार्यकाल के लिये शपथ लेने के एक महीने से भी कम समय में मोदी की यह यात्रा हुयी थी। ट्रम्प ने पहले कहा था कि भारत बहुत अधिक शुल्क लगाने वाला देश है और उन्होंने दोहराया था कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर नया शुल्क दो अप्रैल से लागू हो जाएगा।

## म्यांमा के नेपीता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नियंत्रण टावर भूकंप में ढहा



**दुबई :** उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चला है कि भूकंप के कारण नेपीता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रण टावर ढह गया है। उपग्रह की तस्वीरें 'प्लैनेट लैब्स पीबीसी' ने मुहैया कराईं और इनका विश्लेषण 'एसोसिएटेड प्रेस' ने भी किया। शनिवार को ली गई तस्वीरों में टावर इस तरह से गिरा हुआ दिखाई दे रहा है जैसे कि उसे आधार से उखाड़ दिया गया हो। टावर के ऊपर मलबा बिखरा हुआ है। इस टावर से म्यांमा की राजधानी में सभी हवाई यातायात को नियंत्रित किया जाता था। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि टावर ढहने से कोई हताहत हुआ है या नहीं, लेकिन माना जा रहा है कि शुक्रवार को जब भूकंप आया तो उस वक्त टावर के अंदर कर्मचारी मौजूद रहे होंगे। टावर ढहने से संभवतः अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई परिचालन भी रुक गया होगा। चीन से बचाव दल को लेकर विमान सीधे प्रभावित प्रमुख शहरों मांडले और नेपीता के हवाई अड्डों पर जाने के बजाय यांगून हवाई अड्डे पर उतरा। म्यांमा में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या शनिवार को 1,000 से अधिक हो गई है।

## हसीना पर यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को हटाने की साजिश रचने का मामला दर्ज

**ढाका :** बांग्लादेश पुलिस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 72 अन्य लोगों पर गृह युद्ध छेड़कर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को हटाने की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों और मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''हां, हमारे आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने मौजूदा सरकार को गिराने की साजिश रचने के आरोप में ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में मामला दर्ज किया है।'' अदालत ने मामले का संज्ञान लेकर सीआईडी को बृहस्पतिवार को जांच शुरू करने को कहा। सीआईडी ने 19 दिसंबर, 2024 को हुई एक ऑनलाइन बैठक के बारे में जानकारी मिलने के बाद यह मामला दर्ज किया। इस बैठक में भाग लेने वालों ने 'जॉय बांग्ला ब्रिगेड' नामक एक मंच बनाया और गृह युद्ध के माध्यम से हसीना को फिर से सत्ता में लाने की योजनाओं पर चर्चा की। सरकार द्वारा संचालित समाचार एजेंसी 'बीएसएस' ने मामले का हवाला देते हुए कहा, ''पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और मेजबान, सह-मेजबान एवं बैठक में भाग लेने वाले अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बातचीत की 'रिकॉर्डिंग' से पता चला है कि इन लोगों ने संकल्प लिया था कि वे वैध सरकार को शांतिपूर्ण तरीके से देश चलाने नहीं देंगे।'

### चीन को बांग्लादेश एक अच्छे मित्र के रूप में देखे : मोहम्मद यूनुस

**बीजिंग :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना 'महत्वपूर्ण' है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रवेश करेंगे। यूनुस ने अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा के समापन पर आज यह बात कही। यूनुस ने कहा,'पिछले कुछ वर्षों में हमारे संबंध बहुत प्रगाढ़ रहे हैं। हमारे व्यापारिक रिश्ते बहुत मजबूत हैं और चीन के साथ हमारे सहयोग से हमें लाभ मिलता है।' यूनुस के आधिकारिक हैंडल से 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में कहा गया, 'चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी और विदेश मंत्रालय के सहायक मंत्री होंग लेई ने शनिवार को बीजिंग कैपिटल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यूनुस को उनकी ऐतिहासिक चार दिवसीय चीन यात्रा के समापन के बाद विदा किया।''

### अफगानिस्तान में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए

**नयी दिल्ली :** अफगानिस्तान में शनिवार तड़के भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। केंद्र ने बताया कि पहला भूकंप तड़के चार बजकर 51 मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 4.3 आंकी गई, जबकि दूसरा झटका तड़के पांच बजकर 16 मिनट पर महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 4.7 थी। भूकंप का केंद्र काबुल से लगभग 280 किलोमीटर दूर स्थित था और इनकी गहराई 180 किलोमीटर से अधिक थी। इससे, एक दिन पहले म्यांमा में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए थे, जिनसे बड़े पैमाने पर तबाही मची थी। भूकंप का असर थाईलैंड के बैंकॉक तक देखा गया था, जहां निर्माणाधीन 30 मंजिला एक इमारत ढह गई थी, जबकि कई ऊंची इमारतों के हिलने से लोगों में दहशत फैल गई थी।

# मुंबई इंडियन्स को 36 रन से हराकर टाइटंस ने पहली जीत दर्ज की



**अहमदाबाद :** साई सुदर्शन की बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस को 36 रन से हराकर जीत का खाता खोला। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सुदर्शन के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम निर्धारित ओवर में छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए, जबकि तिलक वर्मा ने 39 रनों की पारी खेली। इन दो बल्लेबाजों के अलावा कोई भी प्रभावित नहीं कर सका।

**मुंबई के बल्लेबाजों ने किया निराश**

लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जल्द ही रोहित शर्मा और रियान रिक्लेटोन के विकेट जल्दी गंवा दिए। इसके बाद तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़कर कुछ वापसी की कोशिश की, लेकिन इन दोनों के आउट होने के बाद मुंबई की पारी लड़खड़ा गई। मुंबई की यह दूसरी हार है और वह आईपीएल 2025 में अब तक जीत का खाता नहीं खोल सकी है। मुंबई के लिए कप्तान हार्दिक पांड्या ने 11, रोहित शर्मा ने आठ, रिक्लेटोन ने छह और रॉबिन मिंज ने तीन रन बनाए। इसके अलावा नमन धीर और मिचेल सैंटनर 18-18 रन बनाकर नाबाद लौटे। गुजरात की ओर से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिए, जबकि कैगिसो रबाडा और आर साई किशोर को एक-एक विकेट मिला।

**सुदर्शन ने मचाया धमाल**

इससे पहले, सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन की शानदार बल्लेबाजी की मदद से गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के सामने जीत के लिए 197 रनों का लक्ष्य रखा। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और गुजरात ने सुदर्शन के 41 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 63 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट पर 196 रन बनाए। सुदर्शन के अलावा गुजरात का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। मुंबई की ओर से कप्तान हार्दिक पांड्या ने दो विकेट लिए, जबकि ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और सत्यनारायण राजू को एक-एक विकेट मिला।

**बटलर और सुदर्शन के बीच हुई 51 रन की साझेदारी**

पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात को गिल और सुदर्शन ने अच्छी शुरुआत दिलाई और दोनों ने पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़े। गिल 27 गेंदों पर 38 रन बनाकर आउट हुए। गिल के आउट होने के बाद जोस बटलर ने सुदर्शन के साथ मिलकर 51 रन जोड़े, लेकिन वह 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सुदर्शन ने इसके बाद आईपीएल करियर का अपना आठवां अर्धशतक पूरा किया और कुछ अच्छे शॉट्स खेले। सुदर्शन के आउट होते ही गुजरात की पारी धीमी पड़ गई और वह 200 रन का आंकड़ा नहीं छू सकी। गुजरात के लिए शेरफेन रदरफोर्ड ने 18 रन, शाहरुख खान ने नौ रन, राशिद खान ने छह और आर साई किशोर ने एक रन बनाए, जबकि कैगिसो रबाडा सात रन बनाकर नाबाद लौटे।

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले वनडे में 73 रन से हराया

**नेपियर :** मार्क चैपमैन (132 रन) और डेरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में नौ विकेट पर 344 रन बनाकर पाकिस्तान को 73 रन से परास्त किया। चैपमैन ने तीसरा वनडे शतक जमाकर न्यूजीलैंड को शुरूआती झटकों से निकाला। न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर तक तीन विकेट गंवा दिये थे। न्यूजीलैंड के लिये खेलने वाले पाकिस्तान मूल के मोहम्मद अब्बास ने 24 गेंद में 50 रन बनाये जो वनडे क्रिकेट में पदार्पण पर किसी खिलाड़ी का सबसे तेज अर्धशतक है। बाबर आजम ने पाकिस्तान के लिये 83 गेंद में 78 रन बनाये लेकिन उनके आउट होने के बाद पाकिस्तान ने 22 रन के भीतर सात विकेट गंवा दिये। उस्मान खान और अब्दुल्ला शफीक ने पहले विकेट के लिये 83 रन जोड़े। बाबर और मोहम्मद रिजवान ने तीसरे विकेट के लिये 76 रन की साझेदारी की।

## भारत के पांच फ्रीस्टाइल पहलवान एशियाई चैंपियनशिप में हारे

**अम्मान (जोर्डन) :** भारत के पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों को शनिवार को एशियाई चैंपियनशिप में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा जब सभी पांच पहलवान हार के साथ बाहर हो गए। सुजीत ने 65 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत करते हुए फलस्तीन के अब्दुल्ला असफ को तकनीकी दक्षता से हराया लेकिन वह जापान के काइसेई तनाबे के डिफेंस को नहीं भेद सके। सुजीत को रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक के लिए दावा पेश करने का मौका मिला था क्योंकि तनाबे खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने चोट के कारण चुनौती पेश नहीं की। इसी तरह विशाल कालीरमन का भाग्य उन्हें हराने वाले मंगोलिया के प्रतिद्वंद्वी तुलगा तुमुर ओचिर के हाथों में था। विशाल अपना पहला मुकाबला 2022 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता के खिलाफ 0-8 से हार गए थे।

# पिछले सत्रों से दस गुना बेहतर है आरसीबी टीम का संतुलन : एबी डिविलियर्स

**चेन्नई :** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की शानदार शुरूआत को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि इस बार टीम पिछले सत्रों की तुलना में दस गुना बेहतर लग रही है और उम्दा शुरूआत से आगे उसका काम आसान हो जायेगा। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर सत्रह साल बाद हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी के लिये खेल चुके डिविलियर्स ने अपने पॉडकास्ट 'एबी डिविलियर्स 360' में कहा, 'इस बार आरसीबी टीम का संतुलन पिछले सत्रों से दस गुना बेहतर है।' उन्होंने कहा, 'पिछले साल आईपीएल नीलामी के समय मैने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या क्षेत्ररक्षकों को लेकर नहीं था। यह आईपीएल टीमों और विकल्पों में अच्छे संतुलन को लेकर था।' डिविलियर्स ने कहा, 'मैने भुवनेश्वर कुमार को देखा तो मुझे लगा कि वह नहीं खेल रहा है और फिर दूसरे मैच में वह टीम में था। आपको यही तो चाहिये। पहले मैच में (केकेआर के खिलाफ) वह टीम में नहीं था और दूसरे मैच में वह किसी और की जगह टीम में था। यही वह संतुलन और गहराई है जो टीम को चाहिये होती है।'




















वर्ष 9, पूर्णांक 4191 अंक 341, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in